RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र


www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः33 , मंगलवार, 17 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


एमजीसीयू में 'समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन 03


हाई स्कूल जिहुली में 71 छात्राओं को मिला हाइजीन किट, स्वच्छता के प्रति किया ... 04

राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की फिल्म रफ्तार की रिलीज डेट हुई... 07

**संक्षिप्त समाचार**

## छात्र की डेडबॉडी देने कनाडा सरकार मांग रही 35 लाख

- उज्जैन लाने के 10 लाख अलग लगेंगे; दो दिन पहले कार से कुचलकर हत्या हुई थी

**उज्जैन (एजेंसी)।** कनाडा में कार से कुचले गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की बॉडी भारत लाने में परिवार के सामने बड़ी आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। परिजन का कहना है कि कनाडा सरकार बॉडी देने के लिए करीब 40 हजार डॉलर (लगभग 35 लाख रुपए) जमा कराने को कह



रही है। इतना ही नहीं, जांच प्रक्रिया के कारण अस्पताल से बॉडी 15 दिन बाद ही दी जाएगी। परिवार ने बताया कि बॉडी को कनाडा से उज्जैन लाने में करीब 10 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ऐसे में परिजन ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बता दें, गुरकीरत सिंह मनोचा की दो दिन पहले कनाडा में कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। सरकार से मदद की लगाई गुहार गुरकीरत सिंह के पिता गुरजीत सिंह का कहना है कि इतनी बड़ी रकम का इंतजाम करना उनके लिए संभव नहीं है। ऐसे में सरकार ही उनकी मदद करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है। **पिता बोले- बेटा बेहद शांत स्वभाव का था-** पिता गुरजीत सिंह ने बताया कि गुरकीरत लगभग सवा साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा गया था। वह बेहद शांत और नेक स्वभाव का था। वह किसी भी विवाद में नहीं पड़ता था। उन्होंने कहा कि यह घटना परिवार के लिए बेहद दुखद है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कनाडा में जांच जारी है।

## वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद लेह में रैली

### कारगिल बंद रहा, सितंबर 2025 में हिंसक प्रदर्शन में 4 लोगों की मौत हुई थी

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख के लेह शहर में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। वहीं कारगिल में बंद रखा गया। यह रैली पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद हुई। सितंबर 2025 में लेह में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। इसमें पुलिस फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद यह पहली रैली है। यह बंद और रैली लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के आह्वान पर किया गया। इन संगठनों की मुख्य मांगें लद्दाख को राज्य




का दर्जा देना और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करना हैं। वांगचुक को करीब छह महीने तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखा गया था। केंद्र सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि सभी पक्षों के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत को आसान बनाने के लिए वांगचुक की हिरासत समाप्त की जा रही है। रैली का नेतृत्व केडीए के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने किया। प्रदर्शनकारी सिंगे नामग्याल चौक से लेह के पोलो ग्राउंड तक मार्च करते हुए गए।

## ईरान पर हमला इकोसाइड पीढ़ियों तक भुगतना होगा

- ईरानी विदेश मंत्री ने दी चेतावनी, तेल डिपो पर हमले को बताया 'इकोसाइड'

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान में ईंधन भंडारण डिपो पर हुए अमेरिकी और इजरायली हमलों को इकोसाइड बताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि ऐसे हमलों से केवल सैन्य या आर्थिक नुकसान ही नहीं होता, बल्कि पर्यावरण और आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी लंबे समय तक प्रभाव पड़ सकता है। इस बयान के बाद इकोसाइड शब्द एक बार फिर चर्चा में आ गया है। आखिर इसका मतलब



क्या है और पहली बार कब ये प्रयोग में आया। इकोसाइड का अर्थ है पर्यावरण का बड़े पैमाने पर विनाश। जब किसी गतिविधि के कारण जंगल, नदियां, मिट्टी, हवा या पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर और लंबे समय तक नुकसान पहुंचता है, तो उसे इकोसाइड कहा जाता है। यह नुकसान जानबूझकर भी हो सकता है और लापरवाही के कारण भी। बड़े स्तर पर जंगलों की कटाई, समुद्र या नदियों में तेल और रसायनों का रिसाव, औद्योगिक प्रदूषण या युद्ध के दौरान ऐसी सैन्य कार्रवाई जिससे पर्यावरण को स्थायी क्षति पहुंचे—इन सभी स्थितियों को इकोसाइड के उदाहरण के रूप में देखा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो जब मानव गतिविधियों के कारण प्रकृति को व्यापक और गहरा नुकसान होता है, तो उसे इकोसाइड कहा जाता है। इस शब्द की शुरुआत 1970 में अमेरिकी वैज्ञानिक आर्थर डब्ल्यू गैल्स्टन ने की थी।

# रोजाना जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

- देश में बढ़ गई थोक महंगाई, 12 महीने में सबसे ज्यादा
- फरवरी में ये 2.13 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में थोक महंगाई बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 12 महीने का हाई लेवल है। फरवरी 2025 में ये 2.38 फीसदी पर पहुंच गई थी। इससे पहले जनवरी 2026 में थोक महंगाई 1.81 फीसदी पर थी। वहीं दिसंबर में थोक महंगाई 0.83 फीसदी पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 मार्च को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 2.21 से बढ़कर 3.27 फीसदी हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 1.41 से बढ़कर 1.85 फीसदी हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 4.01 से बढ़कर माइनस 3.78 हुई। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.86 से बढ़कर 2.92 फीसदी रही। प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62 फीसदी है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15 फीसदी और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23 फीसदी है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।






## जंग के बीच एलपीजी लेकर भारत पहुंचा पहला जहाज

- शिवालिक शिप पर 32.4 लाख घरेलू सिलेंडर जितनी गैस

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक नंदा देवी नाम का जहाज भी करीब 46 हजार टन एलपीजी लेकर भारत आ रहा है।

## सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 की मौत

### 11 कर्मचारी भी झुलसे; मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

**कटक (एजेंसी)।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23



मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

# 100 मिनट के अंदर होगा शिकायतों का निपटारा

- 5000 उड़नदस्तों की तैनाती, चुनावी राज्यों के लिए ईसी की सख्ती






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों के लिए 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी) में सख्त आदर्श आचार संहिता के निर्देश जारी किए हैं। 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन क्षेत्रों में एमसीसी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने सुनिश्चित किया है कि चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से हों, इसलिए केंद्रीय सरकार सहित सभी संबंधित पक्षों पर ईसीआई के प्रावधान लागू किए गए हैं। मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इस बार कुल 824 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे, जहां लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे और लगभग 25 लाख कर्मी चुनाव प्रक्रिया में तैनात रहेंगे। चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए 5,000 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड्स (उड़नदस्ते) और 5,200 से ज्यादा स्टेटिक सर्विलांस टीमों की तैनाती की है। शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के अंदर करने का लक्ष्य रखा गया है। नागरिकों की शिकायतों के लिए 1950 टोल-फ्री नंबर और सी-विजिल ऐप के माध्यम से रिपोर्टिंग की व्यवस्था की गई है। राजनीतिक दलों को रैलियां, जुलूस या सभाओं के लिए पहले से पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है, लाउडस्पीकर आदि की इजाजत लेनी होगी। सार्वजनिक स्थलों जैसे मैदानों या हेलीपैड के उपयोग के लिए सुविधा पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ है।

### पोस्टर, बैनर या झंडे के लिए अनुमति जरूरी

मंत्रियों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आधिकारिक कार्यों को चुनाव प्रचार से न जोड़ें व सरकारी मशीनरी, वाहनों या कर्मचारियों का दुरुपयोग न होने दें। निजी संपत्तियों पर बिना मालिक की अनुमति के पोस्टर, बैनर या झंडे नहीं लगाए जा सकेंगे। नागरिकों की निजता का सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा व निजी आवासों के बाहर प्रदर्शन या धरना प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव आयोग ने सभी स्तर के अधिकारियों से निष्पक्षता बरतने और सभी दलों के साथ समान व्यवहार करने का आह्वान किया है। मतदान की तिथियां चार चरणों में निर्धारित की गई हैं। 9 अप्रैल को केरल, असम और पुडुचेरी में एक ही चरण में, 23 अप्रैल को बंगाल का पहला चरण होगा।

## राज्यसभा चुनाव : बिहार की सभी पांच सीटों पर राजग का कब्जा

**राकेश कुमार**

**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन, शिवेश राम, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा विजयी घोषित हुए। बिहार विधानसभा में हुए मतदान के बाद सामने आए परिणामों में राजग उम्मीदवारों को स्पष्ट बहुमत मिला। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के नितिन नवीन को 44-44 मत प्राप्त हुए। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। पांचवीं सीट पर मुकाबला कुछ अधिक रोचक रहा। इस सीट के लिए पहली वरीयता के मतों में भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम को 30 वोट मिले थे, जबकि राजद के एडी सिंह को अधिक मत मिलने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि दूसरी वरीयता के मतों की गिनती में शिवेश राम ने बढ़त बनाते हुए एडी सिंह को पराजित कर दिया। एडी सिंह को कुल 37 वोट मिले। वहीं राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया कि उनके पक्ष में 38 वोट पड़े हैं। दूसरी ओर, महागठबंधन को इस चुनाव में अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के समर्थन के बावजूद महागठबंधन जरूरी 41 मतों का आंकड़ा नहीं जुटा पाया।



## नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी मुहर

- भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर वाणिज्य सचिव का आ गया है बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। समाचार एजेंसी के अनुसार, अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं।

## देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

- सीएनजी-पीएनजी और एलपीजी को लेकर सरकार ने दी जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और पीएनजी की कोई कमी नहीं है। रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर चल रही हैं, और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की कि



कच्चे तेल की आपूर्ति पर्याप्त है, और प्राकृतिक गैस की सप्लाई बिना किसी रुकावट के जारी है। उन्होंने आगे बताया कि सीएनजी और पीएनजी के लिए 100 फीसदी उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों (घरेलू एलपीजी, सीएनजी वाहनों, पीएनजी उत्पादन आदि) को पूरी सप्लाई मिल रही है। साथ ही कमर्शियल एलपीजी यूजर्स को जहां संभव हो एजेंसी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पीएनजी कंपनियां नए कनेक्शन तेजी से दे रही हैं।

# संकट में है भारत का जीपीएस सिस्टम

- खराब हो गई एक सैटलाइट की एटॉमिक घड़ी, ठीक होने में लगेगा लंबा समय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का सैटलाइट नेविगेशन सिस्टम नाविक अब संकट का सामना कर रहा है। इस वजह से जीपीएस सिस्टम पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। इसरो ने बताया है कि सैटलाइट जो कि मार्च 2016 में लॉन्च किया गया था. उसकी उम्र 10 मार्च को पूरी हो गई है। ऐसे में सैटेलाइट पर एटमिक क्लॉक चलनी बंद हो गई है। फिलहाल यह सैटलाइट ऑर्बिट में रहेगा औ एक तरफा संदेश भेजता रहेगा। हालांकि इससे नेविगेट करना संभव नहीं होगा। दरअसल धरती पर उत्तरोत्तर स्थिति का पता लगाने के लिए कम से कम चार सैटलाइट्स की जरूरत होती है। हालांकि इस समय तीन सैटलाइट ही ठीक से काम कर रहे हैं। इनमें आईआरएनएसएस-1बी शामिल है जो कि अप्रैल 2014 में लॉन्च किया गया था। इसके अलावा आईआरएनएसएस-1एल अप्रैल 2018 में लॉन्च किया गया था। एनवीएस-01 और आईआरएनएसएस मई 2023 का सैटलाइट शामिल है। आईआरएनएस



-1बी की 10 साल की आयु पूरी हो चुकी है। अब यह एक्स्ट्रा टाइम में काम कर रहा है। एनवीएस-01 अभी सबसे ज्यादा ठीक से काम करने वाला और नया सैटलाइट है। हालांकि एक ही सैटलाइट अपने दम पर नेविगेशन सिस्टम नहीं चला सकता है। किसी भी सैटलाइट की धड़कन एटमिक क्लॉक को ही माना जाता है। यह एटम्स की नेचुरल वाइब्रेशन को मापती है और ट्रैकिंग का काम करती है। जब सैटलाइट से हमारे फोन तक सिग्नल आते हैं तो यह क्लॉक इसके बीच लगने वाले समय का पता गाती है। अगर इसके कैलकुलेशन में थोड़ी भी कमी होती है तो आपको सही लोकेशन नहीं मिल पाती है और सैकड़ों मीटर का अंतर आ जाता है। पहली बार एनवीएस-01 में देसी एटमिक क्लॉक का इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले दूसरे देशों में बनी एटमिक क्लॉक ही लगाई जाती थी। जुलाई 2025 में 11 सैटलाइट सिस्टम को कक्षा में स्थापित थे। इनमें से चार नेविगेशन ऐंट टाइमिंग सर्विस के लिए काम कर रहे हैं। चार का इस्तेमाल ब्रॉडकास्ट के लिए किया जाता है। एक को डीकमीशन करदिया गया था। वहीं दो अपनी सही कक्षा में पहुंच ही नहीं पाए थे। 13 मार्च 2026 को आईआरएनएसएस-1एफ के फेल होने के बाद पीएनटी की संख्या चार से कम होकर तीन ही रह गई है। एनवीएस-02 को जनवरी 2025 में लॉन्च किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार राज्यसभा चुनावः नितिन नवीन ने किया मतदान, राजद विधायक से मिलाया हाथ

**पटना।** बिहार में राजनीति के लिहाज से आज (सोमवार) का दिन काफी अहम माना जा रहा है। राज्य की पांच राज्यसभा सीटों के लिए विधानसभा परिसर में सुबह 9 बजे से मतदान जारी है, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। मतदान के लिए सभी दलों के विधायक लगातार विधानसभा पहुंच रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा उम्मीदवार नितिन नवीन भी विधानसभा पहुंचे और मतदान किया। मतदान प्रक्रिया के दौरान अब तक कई विधायकों ने अपने वोट डाल दिए हैं, जबकि बाकी विधायक भी धीरे-धीरे विधानसभा पहुंच रहे हैं। मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दल अपने-अपने विधायकों को एकजुट बनाए रखने को लेकर बेहद सतर्क नजर आ रहे हैं। खासतौर पर पांचवीं सीट को लेकर मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। यही वजह है कि दलों की कोशिश है कि उनके विधायकों का एक भी वोट इधर-उधर न हो। इस कारण मतदान के दौरान नेताओं की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर राजनीतिक नजरें टिकी हुई हैं। इसी बीच विधानसभा परिसर में एक दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। जब नितिन नवीन विधानसभा पहुंचे, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक रणविजय साहू ने उनसे हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच हुई इस मुलाकात की तस्वीर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का दौर शुरू हो गया। हालांकि, इस मुलाकात को सामान्य शिष्टाचार बताया जा रहा है। फिर भी राज्यसभा चुनाव के दौरान अलग-अलग दलों के नेताओं की इस तरह की मुलाकातें अक्सर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन जाती हैं।

### वैशाली में गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइन, अफवाहों के बीच प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर अफवाहों के चलते लोग एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों का दावा है कि पर्याप्त गैस है और डिलीवरी जारी है। वही एक गैस एजेंसी के बाहर सुबह 4 बजे से ही सैकड़ों कार्डधारक सिलेंडर के लिए कतार में खड़े थे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे बीते कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। वहीं, कुछ उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालकों पर बिना जानकारी के सिलेंडर की उठाईगिरी (ट्रांसफर) करने का गंभीर आरोप लगाया। वही इसको लेकर इंडियन गैस के कर्मी सोनू कुमार ने स्थिति को सामान्य बताते हुए कहा, "गैस की कोई कमी नहीं है।



गाड़ी आ रही हैं और सप्लाई हो रही है।" उन्होंने बताया कि फिलहाल होम डिलीवरी बंद होने के कारण सभी उपभोक्ता गोदाम पर जमा हो रहे हैं, जिससे अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। अरुणा भारत गैस एजेंसी के संचालक बलराम कुमार ने किल्लत से इनकार करते हुए पैनिक के लिए अफवाहों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, की दो देशो मे युद्ध के बाद से लोगों ने पैनिक की स्थिति पैदा कर दी है। पहले जहां रोजाना 800 बुकिंग होती थी, वहां अब 2000 से अधिक बुकिंग हो रही है।" उन्होंने बताया कि लंबे समय से सिलेंडर न उठाने वाले उपभोक्ताओं को पहले केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया है। सर्वर लोड के कारण ऑनलाइन बुकिंग में आ रही दिक्कतों के बारे में उन्होंने बताया कि लगातार प्रयास करते रहें। वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और बुकिंग के बाद ही सिलेंडर प्राप्त करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाजीपुर में निजी अस्पताल सील, डीएम के निर्देश पर जांच में मिली गंभीर अनियमितता

**हाजीपुर।** वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह को दूरभाष पर शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। हाजीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में छापेमारी के दौरान अनियमितता पाए जाने पर उसे सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, महुआ थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत की थी। उनके भाई के इलाज के नाम पर पहले 45,000 रुपये की जबरन मांग की गई थी। विरोध करने पर अस्पताल ने बाद में 13,000 रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने बताया कि पवन कुमार नामक बिचौलिये ने उन्हें जबरन श्री गणेश हॉस्पिटल, सदर हॉस्पिटल रोड, हाजीपुर में भर्ती कराया था। आरोप है कि इलाज के दौरान महंगी दवाएं देकर अधिक पैसे मांगे गए। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। इस दल में सिविल सर्जन




वैशाली, अंचलाधिकारी हाजीपुर, नगर थाना हाजीपुर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। टीम ने अस्पताल की जांच की। जांच के दौरान, शिकायतकर्ता के भाई को बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जांच में पाया गया कि श्री गणेश हॉस्पिटल में कोई योग्य चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। साथ ही, आवश्यक तकनीकी और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का भी अभाव था। अस्पताल के ऊपरी तल पर केवल एक महिला मरीज भर्ती मिली। जांच दल ने आवश्यक मानकों और योग्य चिकित्सकों की अनुपस्थिति में अस्पताल के संचालन को गंभीर अनियमितता माना। इसके बाद मौके पर ही अस्पताल को सील करने की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण, योग्य चिकित्सक और आवश्यक स्वास्थ्य मानकों के बिना संचालित किसी भी अस्पताल या क्लिनिक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी अस्पतालों के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और मरीजों को बेहतर व सुलभ इलाज उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### बिहटा- अग्निशमन विभाग ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

**पटना।** बिहार में बढ़ती गर्मी और तापमान के मद्देनजर बिहार अग्निशमन विभाग ने पटना के दानापुर अनुमंडल क्षेत्र में जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग से बचाव के तरीकों और सावधानियों के बारे में जानकारी देना था। यह रैली दानापुर अनुमंडल से शुरू हुई और शिवाला चौक, नेउरा गंज, नेउरा बाजार, कन्हौली, बिहटा चौक, बिहटा बाजार होते हुए मनेर और आनंद बाजार तक गई। इस बाइक रैली में अग्निशमन विभाग के सभी कर्मी और अधिकारी शामिल थे। अग्निशमन विभाग के कर्मी सुमन कुमार ने बताया कि इस जन जागरूकता बाइक रैली का आयोजन बढ़ती गर्मी के कारण आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आग लगने की किसी भी घटना की सूचना तुरंत विभाग के सरकारी नंबर 101 या 112 पर दें।रैली के दौरान आग से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। लोगों को सलाह दी गई कि गर्मी के मौसम में सुबह 9 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद ही खाना बनाएं। इसके अतिरिक्त, हमेशा सूती कपड़ों का उपयोग करने का आग्रह किया गया। साथ ही विभाग के तरफ से आग से बचाव को लेकर कई आधुनिक मशीन अब दी गई है, जो अनुमंडल प्रखंड स्तर पर दिया गया है। जिसमें बाइक से अब हमारे कर्मी आग बुझा सकते हैं, जहां पर बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकती है, वहां पर बाइक से ही आग बुझाने का काम किया जा रहा है। इसलिए लोगों से आग्रह है कि जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो तुरंत विवाह के सरकारी नंबर टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। सही पता और जगह बताएं ताकि हमारे फायर कर्मी समय पर पहुंचे सके।

# पटना में 72 करोड़ की जमीन के लिए 2 भाइयों की हत्या

**एजेंसी, पटना**

पटना में गोपालपुर के शाहपुर गांव में रिसेप्शन पार्टी के दौरान 2 भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना 22 फरवरी की रात हुई थी। आज इस मामले का पटना पुलिस ने खुलासा किया है। 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया, 6 बीघा जमीन को लेकर वर्ष 1933 से विवाद चल रहा था। इस जमीन की अनुमानित कीमत 72 करोड़ रुपए है। इस जमीन को पाने के लिए रिश्तेदारों ने घटना को अंजाम दिया था। हत्या से चार महीने पहले कोर्ट का फैसला मृतक के परिवार के पक्ष में आ गया था। इसके बाद, दूसरे पक्ष ने हत्या की प्लानिंग बनानी शुरू की। दूसरे पक्ष को लग रहा था कि हत्या कर देने के बाद दोबारा से जमीन उनकी हो जाएगी। इसी प्रतिशोध में दूसरे



पक्ष ने दावत के दिन दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरे पक्ष के अमरजीत ने पूरी प्लानिंग की। चंदन समेत 6-7 अन्य जानने वालों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। चंदन और अमरजीत को फिलहाल पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने में 5 से 6 कट्टा का इस्तेमाल किया गया था।

**घटना को अंजाम देने के बाद राज्य छोड़कर भागे थेः** परिचय कुमार ने आगे बताया, घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी राज्य छोड़कर भाग गए।

**रिसेप्शन पार्टी में सिर-सीने में मारी थी 6 गोली, 2 गिरफ्तार, 3 हजार में खरीदा था कट्टा**

कुछ को झारखंड में भी लोकेट किया गया था। अमरजीत और चंदन को भोजपुरी में लॉकेट किया गया था। वहां से पूछताछ के लिए पटना लाया गया। जिसमें इन लोगों ने पूरा खुलासा किया।

**18 लोगों को बनाया गया था नामजदः** इस घटना के बाद मृतक पक्ष के लोगों ने 18 लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। हालांकि, सभी इसमें से शामिल नहीं थे। अभी भी इस घटना में शामिल 5 से 6 आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## डॉ. प्रवीण तोगड़िया बिहटा के माचा स्वामी आश्रम पहुंचेःसनातन धर्म को मजबूत करने पर दिया जोर, दिल्ली तुषार हत्याकांड पर कहा-हिन्दू देश में सुरक्षित नहीं

**एजेंसी, पटना**

प्रवीण तोगड़िया, जो विश्व हिंदू परिषद के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, पटना जिले के बिहटा प्रखंड स्थित सिकंदरपुर के प्राचीन माचा स्वामी आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले स्वामी जी के समाधि स्थल पर नमन किया। इस दौरान आश्रम के संत और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के दक्षिण बिहार उपाध्यक्ष शशिभूषण जी महाराज ने उनका स्वागत किया। स्वामी जी का आशीर्वाद लेने के बाद डॉ. तोगड़िया ने आसपास के गांवों से आए लोगों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने सनातन धर्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए बिहार सहित पूरे देश में एक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद, विश्व हिंदू परिषद और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संयुक्त प्रयास से गांवों और कस्बों में हर मंगलवार



और शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कराया जा रहा है। तोगड़िया ने कहा कि, 'इस पहल का उद्देश्य खासकर युवाओं को सनातन धर्म के इतिहास और परंपराओं से जोड़ना है।' उन्होंने बताया कि, 'पूरे देश में एक लाख से अधिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है।'

**हिंदू हेल्पलाइन नंबर जारी-** डॉ. तोगड़िया ने बताया कि हिंदुओं की सहायता के लिए एक हिंदू हेल्पलाइन (02066803300) भी जारी की गई है। देश के किसी भी हिस्से से लोग मदद या सुझाव के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**दिल्ली की घटना पर जताई चिंता-** डॉ. तोगड़िया ने दिल्ली में होली के दिन तुषार नामक युवक की हत्या की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए थीं और सरकार को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## बाढ़ के राणाबीघा पॉलीटेक्निक कॉलेज में हंगामा

**एजेंसी, पटना**

पटना के बाढ़ अनुमंडल स्थित राणाबीघा गांव के पॉलीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को उस समय हंगामा हो गया, जब 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को बिना यूनिफॉर्म के कॉलेज में प्रवेश करने से रोक दिया गया। कॉलेज गेट पर तैनात गार्ड ने प्रबंधन के आदेश का हवाला देते हुए छात्रों को अंदर जाने से मना कर दिया। इसके बाद गेट के बाहर छात्रों ने विरोध जताया। छात्रों का आरोप है कि यूनिफॉर्म को लेकर किसी प्रकार की पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। पटना से करीब 60 किलोमीटर दूर से आने वाली छात्रा खुशी ने बताया कि अचानक गेट पर रोक दिया गया, जबकि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को बिना यूनिफॉर्म के भी क्लास में जाने दिया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि इस वजह से कई छात्रों



को गेट से ही वापस घर लौटना पड़ा।

**50 से अधिक छात्रों को रोका गयाः** खुसरूपुर के छात्र अमरजीत कुमार ने बताया कि 50 से अधिक छात्रों को कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं बख्तियारपुर के छात्र अमन कुमार ने कहा कि सुबह करीब 9 बजे तक बिना यूनिफॉर्म वाले छात्रों को अंदर जाने दिया गया, लेकिन 9:20 बजे के बाद आने वाले छात्रों को गेट पर ही रोक दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए अलग नियम लागू किए जा रहे हैं।

# बाढ़ में पुलिस-एसटीएफ की अपराधियों से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार, हथियार बरामद

**एजेंसी, पटना**

पटना के बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र में अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ में एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। घायल व्यक्ति को ईलाज हेतू बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका ईलाज जारी रहै। सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

**दियारा में हथियारबंद बदमाशों की सूचना पर कार्रवाईः** जानकारी के मुताबिक, सभी बदमाश हिस्ट्रीशीटर बताए जा रहे हैं। इन्होंने



राई की फसल जबरन काट ली और उसकी दमाही कर रहे थे। उसी दौरान एसटीएफ को सूचना मिली की पंडारक दियारा में बदमाश हथियार लिए है। इसके बाद फौरन कार्रवाई

**◆ फायरिंग के दौरान एक के पैर में गोली**

करते हुए स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने टीम पर फायरिंग की।

**एक बदमाश घायल, पुलिस जांच में जुटीः** पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई के दौरान प्रणव कुमार उर्फ धीरज नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उसी दौरान पुलिस ने एक घायल सहित 3 अन्य बदमाशों को भी पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से हथियार और कारतूस बरामद किए हैं।

**गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारीः** फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कितने राउंड गोली चली है। दियारा में पुलिस मौके पर मौजूद है, वहीं मौके पर ही दो देशी रायफल, एक बंदूक, एक सिक्सर और जिंदा कारतूस पड़ा है। वहीं मौके पर कई खोखा बिखरा है। पुलिस और एसटीएफ ने चार अपराधी को मौके पर खों में गमछा बांधकर बिठाकर रखा है। एक घायल अनुमंडल अस्पताल में इलाजरत्त है, जिसके पैर में गोली लगी है। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची है।

# पटना के बैंक मैनेजर की यूपी में हत्या, छुट्टी नहीं देने पर गार्ड ने सीने में मारी गोली

**एजेंसी, पटना**

पटना के रहने वाले पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा की उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली चलाने का आरोप बैंक के गार्ड रवींद्र हुड्डा पर है। बताया जा रहा है कि वह कई दिनों से मैनेजर से छुट्टी मांग रहा था, लेकिन छुट्टी नहीं मिलने से नाराज था। इसी विवाद के बाद आरोपी ने अभिषेक शर्मा के सीने में गोली मार दी, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े।

बैंक में गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। इसी दौरान आरोपी गार्ड अपने एक साथी के साथ राइफल लेकर मौके से फरार हो गया। बैंक कर्मचारियों ने घायल मैनेजर को बाइक से अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। यह वारदात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर इलाके की है। घटना से जुड़ा बैंक गेट का एक CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसमें गार्ड अपने साथी के साथ नजर आ रहा है। उसके भागने के कुछ मिनट बाद बैंक मैनेजर को लोग उठाकर ले जाते दिखाई देते हैं।



**गाजियाबाद में पत्नी के साथ रहते थे अभिषेकः** बैंक मैनेजर अभिषेक शर्मा बिहार में पटना के फुलवारीशरीफ स्थित लखीमपुर के रहने वाले थे। अगस्त, 2025 से वह गाजियाबाद में पत्नी के साथ किराए पर रह रहे थे। घटना की जानकारी पत्नी को दी गई है।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले- गोली की आवाज सुनकर बैंक के बाहर ही रुक गयाः** प्रत्यक्षदर्शी आरएन पांडेय ने बताया, "मैं भी बैंक आया था। अंदर जा ही रहा था कि गोली चलने की आवाज सुनकर रुक गया। तभी एक व्यक्ति, जो हाफ पैंट और टी-शर्ट पहने था, बाहर निकलता दिखा। उसके एक हाथ में बंदूक थी। उसके साथ एक और व्यक्ति था, जो कुर्ता-पैंट

**राइफल लेकर भागा आरोपी**

और सिर पर पगड़ी पहने हुए था। दोनों आराम से बैंक से बाहर निकले। मेन रोड पर एक बाइक खड़ी थी और दोनों उसी बाइक से फरार हो गए। बैंक के कर्मचारी मैनेजर को उठाकर बाहर ला रहे थे।"

**पुलिस बोली- आरोपी की गिरफ्तारी के छापेमारी चल रहीः** पुलिस के अनुसार, रवींद्र हुड्डा यूपी के बागपत के मंसूरपुर गांव का रहने वाला है। रवींद्र की तीन महीने पहले पंजाब एंड सिंध बैंक में नौकरी लगी थी। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो बैंक मैनेजर ने उसे फोन किया। ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने का कारण पूछते हुए उसे फटकार लगाई गई। मैनेजर ने उसे तत्काल बैंक पहुंचने के निर्देश दिए। इसके बाद वह करीब 1.45 बजे डबल बैरल बंदूक लेकर एक साथी के साथ बैंक पहुंचा। इसके बाद छुट्टी को लेकर अभिषेक शर्मा से उसका विवाद हो गया। घटना के समय बैंक में मैनेजर समेत 5 कर्मचारी काम कर रहे थे। जब तक अन्य कर्मचारी कुछ समझ पाते, तब तक गार्ड ने मैनेजर के सीने में गोली मार दी।

## सिलेंडर क्राइसिसः घंटों लाइन में खड़े रह रहे लोग

**एजेंसी, पटना**

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत जारी है। बिहार में भी रसोई गैस का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में सिलेंडर लेने के लिए लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े हो जा रहे हैं। पटना के बिहटा में रविवार सुबह 4 बजे से गैस एजेंसी के बाहर लंबी लाइन नजर आई। वहीं, दानापुर और बगहा में गैस सिलेंडर आने के बाद भी उसे बांटा नहीं गया तो नाराज लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। बिहार में नए गैस कनेक्शन पर रोक लग गई है। गैस एजेंसियां नए कनेक्शन पर रोक के साथ ही जिन उपभोक्ताओं के पास एक सिलेंडर है, उन्हें दूसरा सिलेंडर भी नहीं दे रहीं हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को हो रही है। पटना में रहकर पढ़ाई



करने वाले सौरभ कुमार ने कहा, 'गैस की कीमत इतनी बढ़ गई है कि भरवाना मुश्किल हो गया है। मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि सिलेंडर भरवा सकूं। करीब 150 छात्र घर लौट चुके हैं। अब मैं भी वापस जाने की सोच रहा हूं।' इधर, सिलेंडर की कमी का असर अब बाजार पर भी दिखने लगा है। गैस उपलब्ध नहीं होने की वजह से लकड़ी और कोयले की मांग बढ़ गई है, जिससे इनके दाम भी तेजी से बढ़े हैं। साथ ही इंडक्शन के दाम भी करीब पांच गुना तक बढ़ गए हैं। पटना में बड़ी संख्या में छात्र दूसरे जिलों से आकर रहते हैं और पढ़ाई करते हैं। रसोई गैस की किल्लत और इसकी बढ़ी कीमत ने इनकी परेशानी बढ़ा दी है।

# सजी भोजपुरी सिने अवाड्र्स की महफिल, मनोज बने बेस्ट लिरिसिस्ट

**एजेंसी, पटना**

पटना के बापू सभागार में आयोजित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवाड्र्स 2026 में भोजपुरी सिनेमा के कई चर्चित कलाकारों और रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में जहां भोजपुरी फिल्म जगत की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। वहीं, कई प्रतिभाओं को उनके योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फिल्म, संगीत और साहित्य से जुड़े कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया।

**मनोज भावुक को मिला बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्डः** समारोह में भोजपुरी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार मनोज भावुक को फिल्म 'दुलहिनिया नाच नचावे' के गीतों के लिए बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें इम्पा (IMPA) के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने प्रदान किया। वार्ड मिलने के बाद मनोज भावुक ने अपनी सफलता का श्रेय भोजपुरी सिनेमा के चर्चित फिल्म लेखक, निर्देशक और संगीतकार रजनीश मिश्रा को दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्मों में लिरिसिस्ट के रूप में जोड़ने का श्रेय रजनीश मिश्रा को ही जाता है।

**मनोज भावुक-रजनीश मिश्रा की जोड़ी के यादगार गीतः** भोजपुरी संगीत जगत में मनोज भावुक और म्यूजिक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा की जोड़ी को बेहद सफल और लोकप्रिय माना जाता है। इस जोड़ी ने कई ऐसी फिल्में और गीत दिए हैं जो आज भी दर्शकों और संगीत प्रेमियों के दिलों में बसे हुए हैं। फिल्म 'मेहंदी लगा



के रखना' का लोकप्रिय गीत 'तोर बउरहवा रे माई', फिल्म 'मेहमान' का भावनात्मक गीत 'मेरे राम' और फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' के कई गीतों ने भोजपुरी संगीत को एक नई पहचान दिलाई।

**फिल्म 'अवैध' का रहा एकतरफा जलवाः** इस भव्य समारोह में राजधराना फिल्म्स की सुपरहिट फिल्म 'अवैध' का भी एकतरफा दबदबा देखने को मिला। साफ-सुथरी पारिवारिक कहानी और सामाजिक संदेश के लिए चर्चित इस फिल्म ने पांच अलग-अलग

**◆ फिल्म 'अवैध' ने पांच अवार्ड जीतकर जमाया दबदबा**

श्रेणियों में अवार्ड जीतकर समारोह की सारी सुर्खियां बटोर लीं।

**आदित्य कुमार झा और नीरज रणधीर की सफल जोड़ीः** फिल्म जगत में यह चर्चा आम है कि जब भी निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर की जोड़ी साथ आती है, तो सफलता तय मानी जाती है। 'अवैध' की पांच श्रेणियों में जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि इन दोनों का तालमेल भोजपुरी सिनेमा को एक नई दिशा दे रहा है। निर्देशक नीरज रणधीर के कुशल निर्देशन ने फिल्म की कहानी को पर्दे पर बेहद प्रभावशाली तरीके से जीवंत किया।

**गंभीर विषय और साफ-सुथरी प्रस्तुतिः** समारोह में मौजूद कई फिल्म हस्तियों ने कहा कि 'अवैध' भोजपुरी फिल्म जगत की अब तक की सबसे संजीदा और सामाजिक संदेश देने वाली फिल्मों में से एक है। यही कारण है कि इस फिल्म को इतनी बड़ी संख्या में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर भोजपुरी फिल्म जगत के कई कलाकारों ने निर्माता आदित्य कुमार झा, निर्देशक नीरज रणधीर और पूरी टीम को बधाई दी। वहीं मनोज भावुक को मिले सम्मान को भी भोजपुरी भाषा और संस्कृति के लिए गर्व का क्षण बताया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तीन नाबालिकों को कराया मुक्त; एक आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिकों को मुक्त कराया है तथा इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई बंजरिया थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 14 मार्च 2026 की रात करीब दो बजे बंजरिया थाना पर लगभग 16–17 वर्ष का एक बालक मदद की गुहार लगाते हुए पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसकी दोस्त को कुछ लोगों द्वारा उठाकर ले जाया गया है तथा उसके साथ मारपीट कर उसे भगा दिया गया है। सूचना मिलते ही बंजरिया थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ग्राम जमला गांव के एकांत में स्थित एक अर्धनिर्मित मकान से एक नाबालिग बालिका तथा तलाशी के क्रम में मकान के बाथरूम से एक अन्य नाबालिग बालक को बरामद किया गया, जिन्हें बंधक बनाकर रखा गया था। पूछताछ में पीड़ितों ने बताया कि 13 मार्च को उन्हें झांसा देकर उक्त मकान में ले जाया गया था। वहां बालक के साथ मारपीट की गई और बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक आरोपी अब्बास आलम, पिता हुसैन अंसारी, निवासी महमूद नगर, थाना नगर, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 166/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में सदर-01 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी प्रियंका, बंजरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार, पीटीसी राजनारायण पित्रत, सिपाही हरिकिशोर सिंह, गृह रक्षक साहेब राम, कमलेश कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आर्म्स एक्ट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार



**बीएनएम @ मोतिहारी**। ढाका थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ढाका थाना कांड संख्या 385/25 (आर्म्स एक्ट) के नामजद अभियुक्त पिंटू साह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त पिंटू साह, पिता सदन साह, निवासी बैरिया, थाना कुंडवा चैनपुर, जिला पूर्वी चंपारण का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### हरसिद्धि पुलिस की कार्रवाई, चार वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**बीएनएम @ मोतिहारी**। हरसिद्धि थाना क्षेत्र में फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को पूछताछ और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर यादवपुर गांव से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बैरिस्टर यादव, पिता रमन यादव, रंजू देवी, पति धर्म यादव, धर्म यादव, पिता रमन यादव तथा रेणु देवी, पति समीर यादव शामिल हैं। सभी आरोपी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों और अपराधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। इस छापेमारी अभियान में एसआई अविनाश कुमार, एसआई शिखा कुमारी, एसआई बनफल अक्षय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### अरेराज में उत्पाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 509 लीटर विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**बीएनएम @ अरेराज**। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मलाही बड़का बाजार पुल के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मनोरा निवासी शशि रंजन कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद पुलिस के अनुसार, बरामद शराब में 50 कार्टन 'ऑफिसर चॉइस' विदेशी शराब के टेट्रा पैक तथा 432 पीस 'आफ्टर डार्क ब्लू रेयर ग्रेन व्हिस्की' शामिल हैं। कुल मिलाकर 509.760 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। इसके अलावा पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर लदी करीब 40 लीटर अवैध चुलाई शराब भी बरामद की है। हालांकि बाइक सवार तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस छापेमारी टीम में एएसआई उत्पल कुमार, एएसआई अजीत कुमार सिंह तथा सिपाही आकाश राज, शिव शंकर बैठा, जुल्फी प्रसाद और नथुनी यादव शामिल थे। उत्पाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

**बीएनएम @ गोपालगंज**। जादोपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 15 मार्च 2026 को जादोपुर थाना को सूचना मिली कि ग्राम मशानथाना में बादल कुमार अपने वीडियो में अवैध देसी कट्टा का प्रदर्शन कर रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 एवं जादोपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बादल कुमार के घर पर छापेमारी की, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। इसके बाद सूचना मिली कि वह अपने दोस्तों के साथ मशानथाना स्थित सराया छरकी बांध के पास मौजूद है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम युसुफ मियां, पिता साजिर मियां, निवासी मशानथाना, थाना जादोपुर, बादल कुमार, पिता मिट्ठू राम, निवासी मशानथाना, थाना जादोपुर तथा सोनू कुमार, पिता अमरदेव राम, निवासी कोटवा, थाना नगर, जिला गोपालगंज बताया। तलाशी के दौरान बादल कुमार और सोनू कुमार के पास से एक-एक देसी कट्टा तथा युसुफ मियां के पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस संबंध में जादोपुर थाना कांड संख्या 73/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है, जबकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बताई गई है।

# एमजीसीयू में 'समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के प्रबंधन विज्ञान विभाग द्वारा "समावेशी पर्यटन अर्थव्यवस्था" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवम भारतीय ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विभाग के एमबीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन में डॉ. शिवम भारतीय ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समावेशन, स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण और सतत विकास से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि समावेशी पर्यटन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पर्यटन से होने वाले लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचें, विशेषकर ग्रामीण समुदायों, छोटे उद्यमियों, स्थानीय कारीगरों और महिलाओं तक। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प, पारंपरिक खान-पान और पारंपरिक ज्ञान को पर्यटन से जोड़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। साथ ही उन्होंने सतत और उत्तरदायी पर्यटन की अवधारणा पर भी जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के संतुलित उपयोग और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता बताई। डॉ. भारतीय ने विद्यार्थियों को पर्यटन प्रबंधन, ग्रामीण पर्यटन, पारिस्थितिकी पर्यटन, डिजिटल पर्यटन विपणन और पर्यटन नीति निर्माण जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं की जानकारी दी और उन्हें इस क्षेत्र में नवाचार तथा उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवेंद्र सिंह की पहल पर किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने की। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग विश्व के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में से एक है और यह देश की अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार, अतिथि संकाय डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन और श्री बाला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. शिवम भारतीय ने विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

# 71वीं वाहिनी एसएसबी ने पकड़ा पशु सहित तस्कर



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। 71 वीं वाहिनी स.सी.ब. मोतिहारी के कार्यक्षेत्र समवाय बेलदरवामठ को दिनांक 15/03/2026 को सूचना प्राप्त हुई की पशु के साथ पशु तस्कर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से पशुओं को पार करने वाला है उसी दौरान नाका दल लाहारटोला गांव के पास नाकाबंदी के लिए जाने पर भारत की ओर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर नाकाबंदी के दौरान, नेपाल से मवेशियों के साथ एक व्यक्ति को आते देखा गया। नाकाबंदी दल को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन नाकाबंदी दल ने उसे समय रहते पकड़ लिया। इसके बाद नाकाबंदी दल ने गाय को भी पकड़ लिया तथा साथ में पशु तस्कर दिलसाद अंसारी पुत्र हामिद मिया, ग्राम-सिरसियाकला, पोस्ट-आदापुर, थाना-आदापुर, पूर्वी चंपारण, बिहार को समवाय मुख्यालय बेलदरवामठ में लाया गया तथा अग्रिम कार्यवाही हेतु पशु और पशु तस्कर को आदापुर पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया।

# हाईवा दुर्घटना में चालक की मौत, गांव में मातम; पत्नी-बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के बैरियाडीह पंचायत अंतर्गत घोघराहा वार्ड संख्या 01 निवासी नेमा पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान की सोमवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना पासवान सुगौली–भैया हाजीपुर रेलखंड में चल रहे कार्य के लिए हाईवा से मिट्टी ढुलाई का काम करता था। बताया जाता है कि रविवार की रात वह लगातार हाईवा चला रहा था। सोमवार सुबह करीब चार बजे जब वह बेतिया–छपवा मुख्य मार्ग पर श्रीपुर चौक के पास पहुंचा, तभी उसे झपकी आ गई। इसी दौरान अनियंत्रित हाईवा सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि चालक मुन्ना पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। उधर जैसे ही हादसे की खबर मुन्ना पासवान के घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी चंदा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं। बड़ा बेटा गुलशन कुमार लगभग 10 वर्ष, दूसरा बेटा गोपाल कुमार करीब 8 वर्ष और सबसे छोटी बेटी तुशा कुमारी करीब 3 वर्ष की बताई जाती है। पिता की असमय मौत से बच्चों के सिर से साया उठ गया है। मुखिया पति ललन साहनी ने बताया कि घटना से मृतक के माता-पिता और पत्नी गहरे सदमे में हैं। पत्नी चंदा देवी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता देने की मांग की है।

# पूर्व डाकपाल की चौथी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। हरसिद्धि प्रखंड क्षेत्र के यादवपुर पंचायत निवासी पूर्व डाकपाल स्वर्गीय देवनंदन सिंह की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. देवनंदन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। उनके सुपुत्र एवं भारतीय सेना के पूर्व जवान शशि सिंह ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. देवनंदन सिंह सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान डाक विभाग में पूरी निष्ठा से सेवा दी और समाज में भी उनकी अलग पहचान थी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष निकेश सिंह चौहान ने भी उन्हें याद करते हुए कहा कि स्व. देवनंदन सिंह मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति थे। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व को याद करना और उनके आदर्शों को अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. देवनंदन सिंह के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस मौके पर शिवपूजन साह, केसरी वीरेंद्र पांडे, रामेश्वर पांडे, लालबाबू पांडे, मुन्ना मिश्र, टुनटुन सिंह, टुन्नू सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जनगणना-2027 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन संपन्न

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत तृतीय बैच के द्वितीय दिन मकान सूचीकरण कार्य से संबंधित जिला स्तरीय टेक्निकल टीम और इस कार्य में सहयोग के लिए संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को डेटा संग्रहण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस बार जनगणना के आंकड़ों का संग्रहण मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इसके लिए पहली बार सेंसस-2027 एचएलओ मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जो एंड्रॉयड और आईओएस दोनों संस्करण के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि एचएलओ मोबाइल ऐप को सरल, सुविधाजनक और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया गया है, ताकि प्रगणक और पर्यवेक्षक डिजिटल माध्यम से आसानी से आंकड़ों का संग्रह कर सकें। जनगणना दो चरणों में की जानी है। पहले चरण में मकान सूचीकरण के अंतर्गत मकानों की गणना की जाएगी। नोडल पदाधिकारी जनगणना-2027 सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि टेक्निकल टीम और डाटा एंट्री ऑपरेटरों से जनगणना से संबंधित कार्य निर्धारित समय के अनुसार लिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जनगणना निदेशालय बिहार पटना से आए प्रशिक्षक विकास सिंह, जिला के नोडल प्रशिक्षक आदित्य कुमार तथा मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार और राजीव कुमार सिंह ने व्यवहारिक और रोचक तरीके से किया। इस अवसर पर प्रबंधन कोषांग से गोपाल जी मिश्र और कमलेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। कोटवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम जसौली पट्टी के समीप छापेमारी के दौरान पवन कुमार पिता अनिल कुमार एवं मुनीक पासवान पिता कृष्णा पासवान, दोनों निवासी जसौली पट्टी थाना कोटवा जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में इनके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष करण कुमार ने बताया कि इस संबंध में कोटवा थाना कांड संख्या 119/26 दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# एसपी शौर्य सुमन ने किया एससी-एसटी थाना का निरीक्षण

## कांडों में समय पर मुआवजा प्रस्ताव भेजने के निर्देश

बीएनएम @बेतिया



**बेतिया**। पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण शौर्य सुमन ने सोमवार को अनुसूचित जाति/जनजाति थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना की विभिन्न व्यवस्थाओं और अभिलेखों की समीक्षा की गई। इस क्रम में मालखाना, सीसीटीएनएस, वायरलेस, थाना परिसर तथा आवासीय बैरक का विधिवत निरीक्षण किया गया। इसके बाद खतियान-02, गिरफ्तारी पंजी, अनुसंधान पंजी, हाजत पंजी सहित थाना में संधारित अन्य पंजीयों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी शौर्य सुमन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े कांडों में पीड़ितों को समय पर मुआवजा दिलाने के लिए प्रस्ताव शीघ्र भेजने तथा मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल, अनुसूचित जाति/जनजाति थाना के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसपी शौर्य सुमन ने कहा कि बेतिया पुलिस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सर्वोदय +2 विद्यालय जाहिंगरा में 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू, शांतिपूर्ण माहौल में हुई पहली दिन की परीक्षा

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय, जाहिंगरा पिपरा में कक्षा 11वीं की वार्षिक परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई। परीक्षा का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता की देखरेख में किया गया। परीक्षा संचालन में वरीय शिक्षक धनंजय कुमार रवि एवं अनूप कुमार की भी सराहनीय भूमिका रही। परीक्षा के पहले दिन पहली पाली में भौतिकी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी पाली में रसायनशास्त्र और राजनीतिशास्त्र विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें धनंजय कुमार रवि (भूगोल), अनूप कुमार (सामाजिक विज्ञान), नीतू कुमारी (ईपीएस), शोभा कुमारी (हिंदी), अब्दुल समद (कंप्यूटर साइंस), रेणु कुमारी (कंप्यूटर साइंस), शकील अहमद अंसारी (उर्दू), नेहा कुमारी (गणित) तथा राजकिशोर (वनस्पति शास्त्र) शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक और चाइनीज चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बीएनएम @ गोपालगंज।** नगर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और चाइनीज चाकू के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोपालगंज के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के नोविया टोली चौक के पास वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोककर जांच की गई। जांच के क्रम में मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। वहीं तलाशी के दौरान एक युवक के पास से चाइनीज चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रिंस कुमार, पिता वीरेंद्र महतो तथा पप्पू कुमार, पिता तिजलाल राम, दोनों निवासी कोल्हुआ श्रीरामपुर, थाना मांझागढ़, जिला गोपालगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरी की बाइक और चाकू को जब्त कर लिया है। इस संबंध में नगर थाना में कांड दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### अब नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, बेटे को सौंपेंगे मोकामा की कमानः अनंत सिह



**बीएनएम @ पटना।** बिहार की राजनीति के दिग्गज और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने सक्रिय चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया है। सोमवार को बिहार विधानसभा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान करने पहुंचे बाहुबली नेता ने स्पष्ट किया कि वर्तमान कार्यकाल ही उनका अंतिम चुनावी सफर होगा। उन्होंने संकेत दिया कि अब मोकामा की विरासत उनके बेटे संभालेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में वही मैदान में उतरेंगे।अनंत सिंह ने अपने इस फैसले को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक सक्रियता से जोड़ते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही तय कर लिया था कि नीतीश कुमार के हटने पर वे भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। वर्तमान में नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की चर्चाओं के बीच अनंत सिंह ने अपने उत्तराधिकार की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। अपने कानूनी मामलों पर भरोसा जताते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि वे एक महीने के भीतर जेल से बाहर आ जाएंगे।भविष्य के मुख्यमंत्री के सवाल पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह निर्णय केवल नीतीश कुमार ही करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अनंत सिंह का यह बयान मोकामा में नेतृत्व हस्तांतरण की एक सोची-समझी रणनीति है। वर्षों तक क्षेत्र पर एकछत्र राज करने के बाद अब वे अपने परिवार की नई पीढ़ी को स्थापित करने की तैयारी में हैं, जिससे क्षेत्र के राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।

### समाहरणालय में डीएम ने सुनीं 50 शिकायतें



**बीएनएम @ बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में रविवार को सात निश्चय–3 के अंतर्गत "सबका सम्मान–जीवन आसान" अभियान के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने इस दौरान 50 फरियादियों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और बिजली-पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली।कार्यक्रम के दौरान रुदल तुरहा, प्रज्ञा चौधरी और बेदामी देवी समेत कई ग्रामीणों ने अपने आवेदन सौंपे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### चरघरा में घरेलू विवाद में मारपीट,तीन घायल



**बीएनएम @ जमुई/झाझा :** जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत चरघरा गांव में सोमवार को आपसी विवाद में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को पीट-पीटकर घायल कर दिया गया। घायलों की पहचान गुड्डु कुमार, उनकी माता कांति देवी और भतीजी रिया कुमारी के रूप में की गई है। सभी का प्राथमिक उपचार सीएचसी झाझा में कराया गया।पीड़ित गुड्डु कुमार के अनुसार, हमलावरों में उनके अपने चाचा जयप्रकाश यादव और चचेरे भाई मुकेश व विपिन यादव शामिल थे। मारपीट की वजह बेहद मामूली थी; कांति देवी ने बताया कि आरोपी पक्ष ने उनकी पोती पर क्रिकेट की पिच पर कांटा फेंकने का झूठा आरोप लगाया और इसी बात पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने न्याय के लिए झाझा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# बगहा में 50 लाख रूपये की चोरी, पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ जांच करने पहुंची

बीएनएम @ पश्चिम चम्पारण/बगहा



**पश्चिम चम्पारण/बगहा।** बगहा पुलिस जिला के नगर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में चोरी की बड़ी घटना की वारदात सामने आई है। चोरों ने देवेन्द्र कुमार गिरी के घर को निशाना बनाते हुए लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की आभूषण, नकद और विभिन्न प्रकार की सामान की चोरी कर घटना की वारदात देते हुए प्रशासन को खुली चुनौती दी है। ग्रामीणों के अनुसार परिवार के सदस्य पिछले पांच दिन से बेतिया में नये घर के गृह प्रवेश कार्यक्रम में गए हुए थे। घर के निचला मंजिल के एक कमरा में गृहस्वामी देवेन्द्र कुमार गिरी अकेले सोये थे।इस दौरान चोर घर के पीछे सरेह की तरफ से पहुंचे और पीछे के रास्ते से दूसरी मंजिल पर चढ़ गए। वहां गैस कटर से दरवाजा काटकर घर के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने घर में रखे लगभग 50 लाख रुपया के जेवरात, महंगे कपड़े और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। लगभग 50 लाख रुपये के सामान, आभूषणों की चोरी बताई जा रही है। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिवार और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने घर के अंदर और आसपास के इलाके का निरीक्षण किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलायी। टीम ने घर के पीछे सरेह वाले हिस्से में जाकर साक्ष्य जुटाए और चोरी के संभावित रास्ते की जांच की। घटना के सन्दर्भ में पीड़ित गृहस्वामी देवेन्द्र कुमार गिरी ने नगर थाना बगहा को एक लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि दरवाजा काट कर अलमीरा तोड़ कर उनके पुत्र मणिकांत गिरी और नीलमणि गिरी के आभूषण, नकद सहित विभिन्न प्रकार की सामग्री एक सोची-समझी रणनीति और षडयंत्र के तहत लगभग 50 लाख रुपया की चोरों ने चोरी कर ली है। अपने परिवार पर अनहोनी की अशंका जाहिर किया है। नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मामले की जांच की जा रही है और फोरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जायेगी।

## इंटर के छात्र की गोली मारकर हत्या, पुलिया के पास मिला शव

बीएनएम @ भोजपुर।

**भोजपुर।** बिहार के शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव में रविवार की देर रात एक इंटर के छात्र की नृशंस हत्या से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 17 वर्षीय सुमित पांडे के रूप में हुई है, जो इंटर प्रथम वर्ष का छात्र था और सोमवार से शुरू होने वाली अपनी वार्षिक परीक्षा देने के लिए हाल ही में गुजरात से अपने गांव लौटा था। वह अपने पिता के साथ सूरत में रहता था और परीक्षा के लिए ही कुछ दिन पहले अपने मामा के घर ओझवलिया और फिर अपने पैतृक गांव बनाही आया था।घटना की शुरुआत रविवार रात से हुई जब सुमित अपने दादा के साथ घर में सोया हुआ था। सोमवार तड़के करीब तीन बजे जब दादा की नींद खुली, तो सुमित को बिस्तर से गायब पाया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद उसका शव गांव से पश्चिम स्थित बनाही-बनकट पथ की एक पुलिया के पास बरामद हुआ। सुमित की गोली मारकर हत्या की गई थी। सूचना



मिलते ही शाहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस और एफएसएल की टीम वैज्ञानिक साक्ष्यों के जरिए मामले की जांच कर रही है, जबकि इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल है।

## मुजफ्फरपुर से सीवान के कुख्यात अपराधी अयूब खान गिरफ्तार, 46 मामले दर्ज

बीएनएम @ सीवान



**सीवान।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से वांछित कुख्यात अपराधी आयुब खान को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने दी।एसपी ने बताया कि सीवान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले का कुख्यात अपराधी अय्यूब खालिक मुजफ्फरपुर जिले में छिपा हुआ है। सूचना के बाद सीवान पुलिस ने मुजफ्फरपुर पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अय्यूब खालिक सीवान जिले के तीन अलग-अलग कांडों में वांछित था। तीनों मामले आर्म्स एक्ट से जुड़े हैं, जिनमें से दो मामले प्रतिबंधित हथियार से संबंधित पुराने केस हैं।एसपी के अनुसार आरोपी के खिलाफ अब तक कुल 46 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर की गई है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से कोई बरामदगी नहीं हुई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे आगे पूछताछ की जाएगी, ताकि उसके अन्य आपराधिक नेटवर्क और साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान कई अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। मेडिकल जांच के बाद अयूब खान को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## डीआईजी ने किया मुजफ्फरपुर पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

» लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

बीएनएम @ मुजफ्फरपुर



**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कान्तेश मिश्रा ने सोमवार को पुलिस कार्यालय मुजफ्फरपुर का भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर तथा पुलिस अधीक्षक नगर और ग्रामीण ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी कान्तेश मिश्रा ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित कांडों की स्थिति तथा अपराध नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की। इसके साथ ही जन-शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। साथ ही विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश भी दिए गए।

## नालंदा मे रिश्वत लेते संसाधन शिक्षक गिरफ्तार

बीएनएम @ पटना/नालंदा



**पटना/नालंदा।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार के सख्त रुख के बीच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने नालंदा जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संसाधन शिक्षक को 17 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार वर्मा के रूप में हुई है, जो प्रखंड संसाधन केंद्र चंडी, जिला नालंदा में संसाधन शिक्षक के पद पर कार्यरत है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की मुख्यालय टीम ने यह कार्रवाई निगरानी थाना कांड संख्या 019/26, दिनांक 13 फरवरी 2026 के तहत 16 मार्च 2026 को की। टीम ने मनोज कुमार वर्मा को प्रखंड संसाधन केंद्र चंडी स्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष से 17 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इस मामले में परिवादी धर्मेंद्र कुमार, पिता नागेंद्र प्रसाद सिंह, निवासी मुबारकपुर, पोस्ट तुलसीगढ़, थाना चंडी, जिला नालंदा ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी द्वारा अंतर वेतन और वार्षिक वेतन वृद्धि के भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। निगरानी ब्यूरो ने शिकायत की गोपनीय जांच कराई, जिसमें रिश्वत मांगने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद विद्यार्थी के नेतृत्व में धावादल का गठन किया गया। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने रिश्वत की राशि सीधे लेने के बजाय मनोज कुमार वर्मा को देने के लिए कहा था। इसी योजना के तहत निगरानी टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते ही रंगेहाथ पकड़ लिया। निगरानी टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसके बाद उसे निगरानी के विशेष न्यायालय, पटना में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका को लेकर भी जांच जारी है।

### इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



बीएनएम @बगहा

**बगहा :** बगहा अनुमंडल के रामनगर स्थित किशोरी वाटिका के समीप 'अपना मैरेज हॉल' में रविवार को एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जो सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बनी। समाजसेवी ईस्तेयाक अहमद और रउफुल आजम खान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर मधुकर राय, शकील मोईन और जय कुमार जैसे गणमान्य जनों ने गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे पर जोर दिया। सभी ने मिलकर देश में अमन-चैन और सुख-शांति की दुआ मांगी। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और प्रेम को मजबूती प्रदान करते हैं। इस दौरान खुर्शेद खान, नसीम खान और कई स्थानीय पत्रकार व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## कारगिल में शहीद अग्निवीर मनीष पंचतत्व में विलीन

पैतृक गांव में मातम

सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

बीएनएम @बेतिया



**बेतिया :** कारगिल की दुर्गम चोटियों पर देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए 24 वर्षीय अग्निवीर मनीष कुमार का पार्थिव शरीर सोमवार को जब उनके पैतृक गांव नवलपुर पहुँचा, तो पूरा इलाका गमगीन हो उठा। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी हजारों की भीड़ ने "भारत माता की जय" और "मनीष कुमार अमर रहें" के नारों से आसमान गुंजा दिया। नवलपुर हाई स्कूल परिसर में भारतीय सेना के जवानों ने अपने वीर साथी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसके बाद रामघाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।मनीष कुमार अक्टूबर 2023 में अग्निवीर के रूप में सेना में भर्ती हुए थे। बीती 13 मार्च को कारगिल में ड्यूटी के दौरान पहाड़ का एक हिस्सा (भूस्खलन) टूटने से हुए हादसे में वे मलबे में दब गए और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस हृदयविदारक घड़ी में पिता मोहन प्रसाद का धैर्य जवाब दे गया; उन्होंने नम आंखों से सरकार से मांग की कि चांदनी चौक पर शहीद की याद में एक पार्क बनाया जाए, साथ ही परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। शहीद की अंतिम विदाई में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल के साथ-साथ हर आंख नम थी, लेकिन गांव को अपने सपूत की बहादुरी पर गर्व भी था।

## हाई स्कूल जिहुली में 71 छात्राओं को मिला हाइजीन किट, स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

बीएनएम @पताही




**पताही।** प्रखंड क्षेत्र के हाई स्कूल जिहुली में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के बीच हाइजीन किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 71 छात्राओं को हाइजीन किट प्रदान की गई। वितरित किट में हैंडवॉश, सैनिटाइजर, डिटॉल और सेनेटरी पैड शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, खासकर किशोरावस्था में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि छात्राएं मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रख सकें और विभिन्न संक्रमण व बीमारियों से बच सकें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य का जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से साफ-सफाई अपनाने, संतुलित जीवनशैली रखने तथा पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं सुनीता, नीता, अपराजिता, नेहा और नंदिता सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। हाइजीन किट पाकर छात्राओं ने खुशी जताई और इस पहल की सराहना की।

## सोच प्रतिबिंबित हुई

मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई।

मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है।

जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं।

उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे। सवाल उठा कि क्या कनाडा के सरकारी दायरे में कुछ ताकतें भारत से अपने देश के सुधरते संबंध को लेकर खुश नहीं हैं? जिस समय भारत और कनाडा ने पुरानी बातों को भूल कर आगे बढ़ने का फैसला किया है, दोनों देशों की सरकारों को ऐसी कोशिशों से सावधान रहना होगा। उन्हें दोनों देशों को जोड़ने वाले पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिनमें भारतीय प्रवासी एक महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं।

# दो टूक- गैस की कतारों से उठते सवाल: कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था?



योगेश कुमार गोयल

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थायी आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है।

वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती।

इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा सामरिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थायी रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थायी नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ये सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। कच्चे तेल के लिए रणनीतिक भंडार बनाए गए, आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण किया गया और रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार किया गया लेकिन एलपीजी और गैस सुरक्षा के लिए उसी स्तर की दूरदर्शिता नहीं दिखाई गई। यदि देश में एलपीजी का पर्याप्त सामरिक भंडार होता या गैस भंडारण अवसंरचना विकसित की गई होती तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। यह भी आवश्यक है कि पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क का विस्तार तेजी से किया जाए ताकि घरेलू ऊर्जा व्यवस्था केवल सिलेंडर आधारित मॉडल पर निर्भर न रहे। ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आयाम है। जब किसी देश की रसोई, उद्योग और परिवहन व्यवस्था बाहरी आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर होती है तो वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाएं सीधे उसके भीतर अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। यही कारण है कि विकसित देश ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, वैकल्पिक ऊर्जा के विकास और बड़े पैमाने पर भंडारण की रणनीतियों पर लगातार काम करते रहते हैं। भारत को भी इसी दिशा में अधिक गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। ऊर्जा संकट लंबे समय से विकसित हो रही संरचनात्मक चुनौतियों का परिणाम होता है। इस समय आवश्यकता है संयम, जिम्मेदारी और ठोस नीति निर्माण की। मध्य-पूर्व का संघर्ष कब समाप्त होगा और होर्मुज जलडमरूमध्य में सामान्य स्थिति कब बहाल होगी, इसका स्पष्ट अनुमान फिलहाल किसी के पास नहीं है लेकिन इतना निश्चित है कि इस संकट ने भारत सहित पूरी दुनिया को यह सबक दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति जितनी वैश्विक है, उतनी ही नाजुक भी।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति' पुस्तक के लेखक हैं)

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव बनाम एक तीर से कई शिकार?


सनत जैन

केंद्रीय चुनाव आयोग ने 15 मार्च रविवार को पांच राज्यों के चुनाव की घोषणा कर दी। देश में पहली बार मात्र 21 दिनों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराने की अभी तक की जो प्रक्रिया थी। उसमें मनमाने तरीके से बदलाव करते हुए जिस तरीके से पांच राज्यों के चुनाव घोषित किए हैं। उसके कई अन्य मायने भी माने जा रहे हैं।

चुनाव आयोग और सरकार ने एक ही तीर से कई निशाने साधे हैं? चुनाव आयोग के इस निर्णय पर यह कहा जा सकता है, संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुकी हैं? वह सरकार के इशारे पर ही काम कर रहीं हैं। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा न्यायपालिका की हो रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने पहली बार 9 से 29 अप्रैल के बीच मात्र 21 दिनों में नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया पूर्ण कराने का रिकॉर्ड बनाया है। संसद का बजट सत्र चल रहा है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। संसद में इसके बारे में चर्चा होनी थी। सांसद एवं विधायक इसी बीच चुनाव घोषित कर दिए गए। चुनाव घोषित होने का प्रभाव यह होगा की सभी राजनीतिक दल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के चुनाव में व्यस्त हो जाएंगे। संसद में सांसदों की उपस्थिति और सक्रियता बहुत कम हो जाएगी। ऐसी स्थिति में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जो प्रस्ताव पेश किया गया है, उस पर भी शायद चर्चा हो पाए। शायद इसी रणनीति को ध्यान में रखते हुए रविवार के दिन चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची अभी तक जारी नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायपालिका के जज एसआईआर मैं मतदाताओं के नाम जोड़ने के विवाद में सतत जाँच कर रहे हैं। लाखों मतदाताओं के नामों को लेकर जो जाँच चल रही है। वह कब तक पूरी होगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। इसके बाद भी चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के चुनाव भी घोषित कर दिए। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अभी तक इसकी संवैधानिकता के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला नहीं दिया है। लगभग 1 साल से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जिसमें तारीख पर तारीख मिल रही है। इसी बीच चुनाव भी होते चले जा रहे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची की जाँच में पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों के जजों को लगा दिया गया है। अभी तक मतदाता सूची फाइनल नहीं हुई, उसके बाद भी




चुनाव घोषित कर दिए गए। संसद में इस बार एपस्टीन फाइल मे शामिल राजनेताओं के नाम, भारत की विदेश नीति, अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के युद्ध की स्थिति में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी संकट को लेकर विपक्ष संसद में जो दबाव सरकार पर बना रहा था। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों के चुनाव घोषित किए जाने के बाद यह सब मामले ठंडा बस्ते में चले गए हैं। भारत के शेयर बाजार लगातार गिरावट है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार गिर रही है। देश में आर्थिक संकट और वैश्विक मंदी को लेकर बजट सत्र में जो चर्चा होनी थी। अब वह शायद नहीं होगी। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने राज्य के चुनाव में सक्रिय हो जाएंगे। इसका फायदा सत्ता पक्ष को मिलता हुआ दिख रहा है। बजट सत्र के दौरान, सरकार को जो चुनौतियां मिल रही थी। उन चुनौतियों से एक ही झटके में सरकार को मुक्ति मिल गई। विपक्ष सरकार के खिलाफ जो जाल फैला रहा था, अब सरकार के बिछाए हुए जाल में फंसकर विपक्ष को फड़फड़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शीर्ष नेतृत्व जिस तरह से अपनी रणनीति बनाता है। विपक्ष चाह कर भी उसका मुकाबला नहीं कर पा रहा है। विपक्ष आपस में लड़ रहा है, इसका फायदा उठाते हुए भाजपा तमाम चुनौतियों के बाद भी सत्ता पर मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। इस पूरे घटना चक्र में चुनाव आयोग और न्यायपालिका की भूमिका, सरकार के पक्ष में होने के कारण लोगों का इन दोनों संस्थाओं के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है। कुछ इसी तरीके की स्थिति बांग्लादेश में शेख हसीना के चुनाव में देखने को मिली थी। बांग्लादेश के चुनाव आयोग द्वारा जिस तरह से सरकार की मदद चुनाव में की थी। बांग्लादेश की न्यायपालिका ने भी सरकार का साथ दिया था। जिसके कारण बांग्लादेश में विद्रोह देखने को मिला। भारत में केंद्रीय चुनाव आयोग को हटाने के लिए विपक्ष संसद में प्रस्ताव पेश किया गया था। संसद मे कार्यवाही शरू होती, उसके पहले ही पांच राज्यों के चुनाव घोषित कर चुनाव आयोग ने यह बता दिया है, उसे सरकार का समर्थन है। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची का प्रकाशन हुए बिना चुनाव घोषित किए गए हैं। इसका मतलब है, चुनाव आयोग को भरोसा है, कि सुप्रीम कोर्ट इसकी अधिसूचना को मान्य करेगी। चुनाव आयोग को सरकार पर भरोसा है। वर्तमान स्थिति में पांच राज्यों के चुनाव होने पर उसे कहीं से चुनौती मिलने वाली नहीं है। ऐसी स्थिति में केंद्रीय चुनाव आयोग और न्यायपालिका की भूमिका की चर्चा बड़े पैमाने पर देश में हो रही है। चुनाव आयोग ने देर रात मुख्य सचिव डीजीपी सहित अन्य अधिकारियों के ट्रांसपर कर दिये। सोमवार को संसद में टीमसी सांसदों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सदन से बिहष्कार किया है। सरकार जो चाहती हैं वह केंद्रीय चुनाव आयोग कहता है। उसके निर्णयों के खिलाफ जब मामला अदालत में जाता है। उस पर तारीख पर तारीख देकर मामलों को लंबित रखने का फायदा सरकार और चुनाव आयोग को मिलता है। अब यह चर्चा जनमानस के बीच में होने लगी है। इसे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था में अच्छा नहीं संकेत माना जा सकता है।




**मेष राशि:** मेष राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। सरकार द्वारा कृषि संसाधनों की प्राप्ति होने से कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**वृष राशि:** वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले कुछ दिनों में स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ ख़ुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस में तरक्की के योग बन रहे हैं। आज अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे, परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें लोग आपका समर्थन करेंगे।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन और अनाज के कारोबारियों को आज अधिक लाभ मिलने की संभावना है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आपके सरल स्वभाव की तारीफ करेंगे।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के टेक्नॉलॉजी के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी सीनियर से राय ले लें। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपमें कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी।

**कन्या राशि:**कन्या राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज अनावश्यक विवाद में पड़ने से बचें वरना आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। पारिवारिक संबंधों में पहले की अपेक्षा अधिक गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही समाज में आपको सम्मान बढ़ाएगा।

**तुला राशि:** तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों के बॉस उनकी सैलरी में इन्क्रीमेंट करने घोषणा करेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपकी कड़ी मेहनत सफलता दिलाएगी जिससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी और व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। होटल रेस्टॉरेंट के बिजनेस में आज सेल दोगुनी होगी। आज शाम आप दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आज आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

**धनु राशि:** धनु राशि वालों आज आपका दिन शुभ फलदायक साबित होगा। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। आज आपकी सूझबूझ और मेहनत से पड़ोस में चल रहे काफी पुराने विवाद का निपटारा हो जायेगा। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष बेहतर होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं इससे आप दोनों के बीच भरोसा और अंडरस्टैंडिंग बेहतर होगी।

**मकर राशि:** मकर राशि वालों आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद कपड़े लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का उसके मनचाहे फील्ड में सेलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की आवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आएगा। मैकेनिकल इंजीनियर्स पुराना काम पूरा करके नए टारगेट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुम्भ राशि:** कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटें। इस राशि के लव मेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। कपड़े के व्यापार में पहले से अधिक लाभ होने के आसार हैं। ग्राहकों के प्रति अपने व्यवहार को मधुर बनाना चाहिए। सामाजिक सेवा क्षेत्र में आपको नई जान पहचान मिलेगी।

**मीन राशि:**मीन राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

# शहादत -ए - ख़ामनेई: मर के जीना सीखा दिया तूने

तनवीर जाफ़री

पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आख़िरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे जन संहारक देशों का ही एकाधिकार है। अमेरिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे सर्वशक्तिमान स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज़ नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक़ की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोज़ाना भारी जनहानि की ख़बरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत जैसी बड़ी क़ुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज़्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज़्बे के साथ अपने शरीर पर कफ़न लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गये। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गयी। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिये ईरान सबसे बड़ा ख़तरा है,केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थायी और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहाँ अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। क़तर,बहरीन,कुवैत,संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब,जॉर्डन,इराक़,मिस्र,सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज़्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहाँ पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्ज़ी से ज़बरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीक़े से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे। परन्तु गत 28 फ़रवरी को पवित्र रमज़ान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किये गये आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आँखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमेरिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनायेगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाज़ा सामरिक दृष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक़ मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक़सान पहुंचा है। ये हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, क़तर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किये गये। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुये। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से ग़लतफ़हमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइज़री जारी कर उन्हें सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,कुवैत,क़तर,बहरीन,ओमान,जॉर्डन,मिस्र,लेबनान,यमन,इराक़ तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी। अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिये मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिये ख़तरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि ख़ुद अमेरिका ही उनके लिये सबसे बड़ा ख़तरा है। ख़ामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाज़ारों में ख़ामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गयी और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसायी मानसिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला ख़ामनेई की शहादत को इसी लिये सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्वसतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गयी थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो सबका मालिक है और वह एक है और वही सबके लिये सर्वशक्तिमान है। आयतुल्लाह ख़ामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी सहर द्वारा कही गयी यह पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की नजरें ऋषभ पंत और आयुष बदोनी पर रहेंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आईपीएल 2026 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। ऋषभ के अलावा टीम में एक और बेहतरीन बल्लेबाज आयुष बदोनी हैं। ऐसे में इन दोनो का ही लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं टीम की नजरें भी इनके प्रदर्शन पर रहेंगी। अभ्यास सत्र में ऋषभ ने टीम के प्रमुख बल्लेबाज आयुष बदोनी को एक बल्ला देते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे तोड़ना नहीं संभालकर रखना। इसस पता चलता है कि टीम में कितना दोस्ताना माहौल है। ऋषभ और बदोनी सहित सभी खिलाड़ी अभी एक प्री-सीजन कैंप में अभ्यास कर रहे हैं। ऋषभ का लक्ष्य इस बार आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दर्ज कराना रहेगा। वह आईपीएल 2026 के लिए टीम के कप्तान हैं। उन्हें पिछले सत्र में सबसे अधिक कीमत देकर खरीदा गया था। वह अपने खेल से किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। वहीं आयुष टीम के मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज हैं। इन दोनों का लक्ष्य इस बार टीम को खिताब जिताना रहेगा।

लखनऊ की टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ऋषभ के आसपास टीम रहेगी पर बदोनी की भूमिका भी बल्लेबाज में काफी अहम रहेग। वह बड़े नामों के बीच भी अपनी विशेष जगह बनाने में सफल रहे हैं। सत्र की शुरुआत से पहले ऐसे पल टीम के माहौल के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। आईपीएल को लेकर टीम उत्साहित है और काफी काफी खुशनुमा माहौल में अभ्यास कर रही है इसका अंदाज कप्तान और बदोनी के बीच की बातचीत से चलता है। लखनऊ आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इस दौरान इन दोनो खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। इस दौरान बदोनी अपने को बेहतर साबित करना चाहेंगे। टीम चाहते कि जिस प्रकार अभ्यास के दौरान टीम प्रदर्शन कर रही है वैसा ही टूर्नामेंट में भी करे।

## सैमसन ने माना एक बार उनके दिमाग में भी शतक लगाने का विचार आया था

**एजेंसी, मुम्बई**

टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन टूर्नामेंट में तीन बार शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये क्योंकि टीम की जरुरतों के हिसाब से उन्होंने तेजी से खेला। इसी को लेकर एक कार्यक्रम में संजू ने माना है कि एक बार उसके मन में शतक बनाने का विचार आया पर अगले ही पल उसे लगा कि शतक से अधिक टीम की जीत जरुरी है। इसलिए उसने शतक का विचार छोड़कर टीम की जरुरतों के हिसाब से खेलना तय किया। सैमसन ने पांच मैचों में कुल 321 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 199.37 का रहा। वह टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके पास तीन बार शतक लगाने का अवसर था



पर उन्होंने निजी उपलब्धि की चिंता नहीं की। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन बनाये जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए। इसके अलावा न्यूजीलैंड के विरुद्ध फाइनल में 89 रन बनाये।

सैमसन ने कहा, लोग कहते हैं कि मैं तीन बार शतक नहीं लगा पाया पर मुझे लगता है उससे बहुत बड़ा काम हुआ है। मैंने शतक न बनाकर अधिक बेहतर योगदान दिया। मुझे ऐसा ही लगता है हालांकि मैं ये नहीं कहूंगा कि मैंने 100 के बारे में सोचा ही नहीं। हर किसी की तरह ही मेरे मन में भी आया था कि एक बार 100 बन जायें तो और अधिक मजा आयेगा पर बाद में सोचा कि जिस प्रकार खेलते हुए मैं यहां तक पहुंचा हूं, वैसे ही खेलूंगा।

सैमसन ने गौतम गंभीर की बात को बल दिया कि टीम में निजी उपब्धियों की जगह टीम गेम जरुरी है। सैमसन ने कहा कि मेरा भी मानना है कि टीम सबसे पहले है। । शुरुआत से ही तय हो गया था कि सभी टीम हित को सबसे पहले रखेंगे। सैमसन ने माना कि शुरुआत में अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से वह हताश थे।

## बीसीसीआई ने जारी किये सभी दस आईपीएल टीमों के कप्तानों के नाम

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 के लिए कप्तानों के नाम घोषित कर दिये हैं। आईपीएल में इस बार भी 10 टीमें उतरेंगी। इन सभी टीमों के कप्तानों की घोषणा हो गयी है। कप्तानों की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुए हैं। मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी इस बार भी रजत पाटीदार के पास रहेगी। वहीं, पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की कप्तानी एक बार फिर श्रेयस अय्यर करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल के पास रहेगी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे। मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या करेंगे। पिछले सत्र में भी वहीं कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी पिछले बार के कप्तान अजिंक्य रहाणे को बरकरार रखा है। राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी में बदलाव हुआ है और इस बार रियान पराग कप्तान बनाये ये थे। रियान ने हालांकि पिछली बार नियमित कप्तान संजू सैमसन के साथ कुछ मैचों में कप्तानी की थी। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी इस बार भी पैट कमिंस करेंगे। पिछले बार भी वही कप्तान रहे थे। गुजरात टाइटन्स की कप्तानी शुभमन गिल ही करेंगे।

**आईपीएल टीमों के कप्तान**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - रजत पाटीदार**

**पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर**

**लखनऊ सुपर जायंट्स - ऋषभ पंत**

**मुंबई इंडियंस - हार्दिक पांड्या**

**चेन्नई सुपर किंग्स - रुतुराज गायकवाड़**

**कोलकाता नाइट राइडर्स - अजिंक्य रहाणे**

**राजस्थान रॉयल्स - रियान पराग**

**सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस**

**गुजरात टाइटन्स - शुभमन गिल**

**दिल्ली कैपिटल्स - अक्षर पटेल।**

## बैसाखी के सहारे पर हैं हर्षित राणा, आईपीएल से भी बाहर हुए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2026 शुरु होने से पहले ही करारा झटका लगा है। सर्जरी के बाद अबतक पूरी तरह से नहीं उबरने के कारण उसके तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल से बाहर हो गये हैं। वह इससे पहले हुए आईसीसी टी20 विश्व कप से भी बाहर रहे थे। हर्षित चोटिल होने के कारण ही जनवरी से ही खेल के मैदान से बाहर हैं। मुंबई में हुए बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान भी वह बैसाखी के सहारे चल रहे थे। यहां तक कि वह मंच पर भी अवार्ड लेने नहीं गये। इससे अंदाजा होता है कि अभी उनकी खेल के मैदान में वापसी में समय लगेगा। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने स्वयं मंच से नीचे आकर राणा को यह सम्मान दिया। राणा का बैसाखी के सहारे इवेंट में पहुंचने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। हर्षित को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए एक टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबले में घुटने में गेंद लग गई थी। इसी कारण वह टी20 विश्व कप टीम से भी बाहर हो गये थे। पिछले माह 9 फरवरी को उनके घुटने की सर्जरी हुई थी। इसकी मेडिकल रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उन्हें ठीक होने में करीब दो से तीन महीने का समय लगेगा।

## 31 मार्च को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ मुकाबले में उतरेगी इराकी टीम

**एजेंसी, बगदाद**

इराक की फुटबॉल टीम इस माह के अंत में मेक्सिको में 31 मार्च को फीफा विश्वकप फुटबॉल में प्रवेश के लिए इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ मुकाबले में उतरेगी। इस प्लेऑफ मुकाबले में इराक का सामना बोलीविया या सूरीनाम में से किसी एक टीम से होगा। इस मैच की विजेता टीम को विश्वकप में खेलने का अवसर मिलेगा। इराक की टीम ने आखिरी बार साल 1986 में फीफा विश्व कप खेला था। अब टीम के पास 39 साल बाद विश्व कप में वापसी करने का बड़ा मौका है और खिलाड़ी इस ऐतिहासिक



उपलब्धि के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इराक ने क्वालिफायर में भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम ने पांचवें राउंड में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 3-2 से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई थी। खाड़ी में जारी संघर्ष को देखते हुए टीम को निज विमान से भेजा जाएगा। इराकी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अदनान दिरजल ने कहा है कि खाड़ी में जारी संघर्ष को देखते हुए हालात बेहद खराब हैं। ऐसे में टीम को सुरक्षित भेजने की तैयारियां चल रही हैं। यह मुकाबला 31 मार्च को मेक्सिको के मोंटेरे शहर में खेला जाएगा। अदनान ने कहा कि मध्य पूर्व क्षेत्र में 28 फरवरी से ही हवाई क्षेत्र बंद है। जिस प्रकार से मध्यपूर्व में ड्रोन और मिसाइल हमले हो रहे हैं जिसमें टीम को सुरक्षित भेजना सबसे चुनौतीपूर्ण काम है।

# बिजनेस

## थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी हुई, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**




महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर आई है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर फरवरी में लगातार चौथे महीने बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। हालांकि, इस दौरान सब्जियों की कीमतों में मासिक आधार पर कुछ नरमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 1.81 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 फीसदी रही थी। दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.83 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, आधार धातुओं के विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर बढ़ी है। सब्जियों की महंगाई जनवरी के 6.78 फीसदी से घटकर फरवरी में 4.73 फीसदी रह गई। हालांकि, दाल, आलू एवं अंडा, मांस तथा मछली की कीमतों में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक विनिर्मित उत्पादों के मामले में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जो इससे पिछले महीने 2.86 फीसदी थी। वहीं, गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई जनवरी के 7.58 फीसदी से बढ़कर फरवरी में 8.80 फीसदी हो गई। ईंधन तथा ऊर्जा श्रेणी की महंगाई में गिरावट फरवरी में भी जारी रही, यह 3.78 फीसदी दर्ज की गई है, जो जनवरी में 4.01 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार देश में खुदरा महंगाई की दर जनवरी के 2.75 फीसदी से बढ़कर फरवरी में 3.2 फीसदी हो गई थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में महंगाई दर कम रहने के कारण रेपो रेट में 1.25 फीसदी तक की कटौती की है। केंद्रीय बैंक रेपो रेट पर निर्णय लेने के लिए मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर पर नजर रखता है।

## सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये से लेकर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,340 रुपये से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## सीएमपीडीआईएल का आईपीओ 20 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 163-172 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 20 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 24 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 163-172 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे।

केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) की योजना इस आईपीओ के जरिए 1,842 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी की ओर से जारी मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 12,280 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी के 2 रुपये फेस वैल्यू इस इश्यू के लिए न्यूनतम बिड लॉट 80 इक्विटी शेयरों का है, जिसमें 80 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड की जा सकती है। यह पूरी तरह से कोल इंडिया द्वारा 10.71 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप




में होगा। इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे।

कंपनी के मुताबिक ये आईपीओ 20 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। इसमें निवेश के लिए एंकर निवेशक एक दिन पहले 18 मार्च को बोली लगा सकते है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 2,103 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 667 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 1 नवंबर, 1975 को कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया था।

## ट्रैवलस्टैक टेक को आईपीओ के लिए सेबी से मिली अंतिम मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फैबहोटल्स की मूल कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आखिरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 17 दिसंबर, 2025 को सेबी के समक्ष अपने आईपी के लिए डॉफ्ट दस्तावेज जमा किए थे। सेबी के अनुसार ट्रैवलस्टैक टेक के प्रस्तावित आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके साथ प्रवर्तकों एवं अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी




इसमें शामिल है। इसमें शेयर बेचने वाले प्रमुख निवेशक अनुपम मित्तल, एक्सेल इंडिया IV (मॉरीशस) लिमिटेड, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स II एल पी, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स II ऑफशोर होल्डिंग्स एल पी, पैंथेरा ग्रोथ फंड II वीसीसी, पीजीपी इंडिया ग्रोथ फंड I, पैंथेरा ग्रोथ II, एक्सटीओ10एक्स मॉरीशस प्राइवेट लिमिटेड और क्वालकॉम एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड हैं। ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड नए इश्यू से मिलने वाली 135 करोड़ रुपये की रकम का इस्तेमाल कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को आंशिक रूप से पूरा करने के लिए करेगी। इसके अलावा 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी द्वारा लिए गए कुछ कर्ज़ों की पूरी या आंशिक चुकौती और/या पूर्व-भुगतान के लिए, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड (पूर्व में कासा2 स्टेज) फैब होटल्स की मूल कंपनी है, जो भारत में 474+ उद्यम ग्राहकों को ट्रैवलप्लस एसएएएस प्लेटफॉर्म के जरिए होटल-केंद्रित कॉर्पोरेट यात्रा सेवाएं प्रदान करती है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे ये दोनों सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एवियशन और टाटा स्टील के शेयर 2.47 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस, कोल इंडिया, ओएनजीसी, मैक्स हेल्थकेयर और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,045 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 882 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,163 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## देश का निर्यात फरवरी में घटकर 36.61 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इस दौरान आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के बीच देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। हालांकि, फरवरी में आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब यूएस डॉलर पर



पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इससे आयात और निर्यात का अंतर व्यापार घाटा फरवरी महीने में 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान देश का निर्यात 1.84 फीसदी बढ़कर 402.93 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसी अवधि में आयात भी 8.53 फीसदी बढ़कर 713.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।



# राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की फिल्म रफ्तार की रिलीज डेट हुई अनाउंस 24 जुलाई को देख सकेंगे थिएटर्स में

अभिनेता राजकुमार राव अब पहली बार साउथ की मशहूर अभिनेत्री कीर्ति सुरेश के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। दोनों एक धमाकेदार थ्रिलर ड्रामा के लिए एक साथ आ रहे हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात ये है कि इसे राजकुमार की पत्नी और अभिनेत्री पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। ये उनके प्रोडक्शन में बनी पहली फिल्म होगी। इस ताजी कास्टिंग ने प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

रफ्तार 24 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण पत्रलेखा ने कांपा फिल्म के बैनर तले किया है। इसकी कहानी महत्वाकांक्षा, प्यार और लालच के इर्द-गिर्द बुनी गई है। ये एक ऐसे जुनूनी आदमी और महत्वाकांक्षी महिला का सफर दिखाती है, जो एक तेजी से बढ़ते स्टार्टअप के जरिए अपना साम्राज्य खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे पैसा और पावर बढ़ती है, जीत की भूख प्यार के आड़े आने लगती है। रोहन नरूला ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म दर्शकों को एक रोमांचक सफर पर ले जाएगी, जहां सवाल ये है कि क्या वे पावर के खेल में खुद को बचा पाएंगे या फिर सब कुछ खत्म हो जाएगा? ये पहला मौका होगा, जब राजकुमार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कीर्ति के साथ रोमांस करते दिखाई देंगे। कीर्ति ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत वरुण धवन अभिनीत बेबी जॉन से की थी। रफ्तार उनकी दूसरी हिंदी फिल्म होगी। राजकुमार के हाथ में फिलहाल कई फिल्में हैं। वो निर्माता दिनेश विजान के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास मशहूर वकील उज्वल निकम की बायोपिक है, जिसमें वो मुख्य भूमिका निभाएंगे, वहीं दिनेश विजान की फिल्म स्त्री 3 में भी वो अपनी खास मौजूदगी दर्ज कराएंगे। उधर क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली की बायोपिक के हीरो भी राजकुमार ही हैं। इसके अलावा निर्देशक शूजीत सरकार की अगली फिल्म में राजकुमार अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ नजर आने वाले हैं।

## महक चहल ने शतरंज की बाजी की तरह जिंदगी में भी जीतने की दी सीख



मनोरंजन जगत में सोशल मीडिया अब सिर्फ तस्वीरें पोस्ट करने का जरिया नहीं रह गया है बल्कि सितारे इसके जरिए अपने विचार, अनुभव और जिंदगी के नजरिए भी लोगों के साथ साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री महक चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है जिसने उनके फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में वह शतरंज खेलती नजर आ रही हैं और इसके साथ ही उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प बात लिखी है। महक चहल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शतरंज की बिसात के सामने बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीर में उनका अंदाज काफी शांत दिखाई दे रहा है, जैसे वह अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर मोहरे सजे हुए हैं और महक उन्हें ध्यान से देखती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें जीत दिलाती हैं, कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है। महक चहल के इस पोस्ट पर फैंस अपनी ओर से खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस संदेश को प्रेरणादायक बताया। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, वाह, क्या बात कही है, जिंदगी सच में शतरंज की तरह ही होती है। एक अन्य फैन ने लिखा, यह सिर्फ शतरंज नहीं, लाइफ की बड़ी सीख है। एक अन्य फैन ने लिखा, हार भी जरूरी है, तभी जीत की कीमत समझ आती है। महक चहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगु फिल्म नीथो से की थी। इसके बाद उन्होंने 2003 में हिंदी फिल्म नई पड़ोसन से बॉलीवुड में कदम रखा, जिससे उन्हें पहचान मिली। आगे चलकर वह कई हिंदी, पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ कई लोकप्रिय गानों में भी डांस परफॉर्मेंस दी। 2009 में वह सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में दिखाई दीं। टेलीविजन पर उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस 5 में हिस्सा लेकर खास लोकप्रियता हासिल की, जहां वह रनर-अप रहीं। बाद में उन्होंने फीयर फैक्टर : खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया। वहीं नागिन 6 में अहम किरदार निभाया।

## 'पति पत्नी और वो 2 का शेड्यूल हुआ पूरा, वामीका गब्बी ने बॉस्को मार्टिस संग शेयर किया नॉस्टैल्जिक पल



बॉलीवुड अभिनेत्री वामीका गब्बी ने अपनी आगामी फिल्म पति पत्नी और वो 2 का शूट रैप कर लिया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर कोरियोग्राफर बोस्को मार्टिस संग सेल्फी शेयर कर उन्होंने बचपन की यादें ताजा कीं, जो फैंस के लिए नॉस्टैल्जिक मोमेंट बन गया। जब वी मेट के नगाड़ा नगाड़ा सॉन्ग के सेट पर बच्चे के रूप में मौजूद रहने वाली वामीका अब उसी कोरियोग्राफर के साथ डांस कर रही हैं।

यह फिल्म 2019 की हिट पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जो खुद 1978 की क्लासिक का रीमेक थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, जबकि सारा अली खान और वामीका त्रिकोणीय लव स्टोरी का हिस्सा है। वामीका ने स्टोरी कैप्शन में लिखा, बच्चे के रूप में नगाड़ा नगाड़ा सेट पर रहने से लेकर बोस्को मार्टिस द्वारा कोरियोग्राफ होने तक। इससे बेहतर रैप नहीं हो सकता! यह पोस्ट फुल सर्कल मोमेंट का प्रतीक बन गई। वामीका का करियर तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। खुफिया, फना, ग्लोरी और हालिया भूल चुक माफ से सराहना मिली। पंजाबी मूल की वामीका ने थिएटर से शुरुआत की, फिर ओटीटी पर धमाल मचाया। पति पत्नी और वो 2 में उनकी भूमिका अनन्या पांडे वाली वो से इंस्पायर्ड लग रही है, जो कॉमिक टाइमिंग और रोमांस का मिश्रण होगी। शूटिंग के दौरान प्रयागराज में क्रू पर लोकल्स के हमले जैसी घटना भी हुई, लेकिन फिल्म आगे बढ़ी। फैंस उनकी पोस्ट पर कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। एक ने कहा, सपनों का पीछा करने वाली लड़की की मिसाल! बॉस्को मार्टिस ने भी रिप्लाई में तारीफ की। यह फिल्म आयुष्मान की ढामा और सारा की मेट्रो इन डिनो के बाद बड़ा रिलीज होगा। वामीका की यह जर्नी युवाओं को प्रेरित करती है कि जड़ों से जुड़कर कैसे नई ऊंचाइयां छुई जा सकती हैं। रिलीज का इंतजार बढ़ गया है! फिल्म पति पत्नी और वो 2 में वामीका गब्बी के साथ आयुष्मान खुराना और सारा अली खान भी नजर आएंगे। यह फिल्म 2019 की पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जिसे निर्देशक मुदस्सर अज़ीज बना रहे हैं। फिल्म की रिलीज़ डेट अब 15 मई तय की गई है।



## सूर्या की बहुप्रतीक्षित पारिवारिक मनोरंजक फिल्म विश्वनाथ एंड संस की टीज़र रिलीज़ डेट अनाउंस, नया पोस्टर भी रिलीज़

सूर्या अपनी आने वाली फ़िल्म विश्वनाथ एंड संस से सभी को दीवाना बनाने आ रहे हैं। फ़िल्म के मेकर्स ने आज इसके टीज़र को लेकर एक अपडेट दिया है। कुछ ही मिनट पहले मेकर्स ने बताया कि फ़िल्म का टीज़र 16 मार्च 2026 को शाम 4 :06 बजे रिलीज़ किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए मेकर्स ने फ़िल्म का एक नया और दिलचस्प पोस्टर भी शेयर किया। मेकर्स ने पोस्ट किया, एक दिल को छू लेने वाला सफ़र। विश्वनाथएंडसंस का टीज़र 16 मार्च को शाम 04 :06 बजे आएगा। इस फ़िल्म का निर्देशन वेंकी अट्लूरी ने किया है। फ़िल्म से लोगों को काफ़ी उम्मीदें हैं, क्योंकि यह सूर्या की पहली सीधी तेलुगू फ़िल्म है और इसे एक ही समय में तेलुगू और तमिल, दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। इस फ़िल्म में मामिता बैजू मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नज़र आएंगी, जबकि रवीना टंडन और राधिका सरथकुमार भी अहम किरदारों में दिखाई देंगी। फ़िल्म का संगीत जी .वी . प्रकाश कुमार ने तैयार किया है, वहीं नागा वामसी और साई सौजन्या सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज़ के बैनर तले इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

फिल्म

## 'द केरल स्टोरी 2 बनी साल की सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली फिल्म, 15वें दिन भी खूब छापे नोट

### 50 करोड़ी बनने से इंचभर दूर

'द केरल स्टोरी 2 : गोज बियॉन्ड काफी विवादों और कानूनी मुश्किलों को झेलने के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. यूं तो फिल्म की शुरुआत धीमी हुई लेकिन फिर इसने देखते ही देखते बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमा लिया. हालांकि ये अपनी प्रीक्वल 'द केरल स्टोरी के मुकाबले काफी कम बिजनेस कर पाई है लेकिन फिर भी 'द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के दो हफ्तों में बॉक्स ऑफिस पर दबाकर कमाई की है. यहां तक कि ये साल की अब तक की सबसे बड़ी फिलम बॉर्डर 2 को भी मुनाफा कमाने के मामले में पीछे छोड़ चुकी है. अब 'द केरल स्टोरी 2 की तीसरे हफ्ते में एंट्री ह गई है. जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को कितना कलेक्शन किया है?

'द केरल स्टोरी 2 ने अपना दूसरा हफ्ता अच्छे नोट पर खत्म किया है. पहले हफ्ते में जहां इस फिल्म ने 23 .28 करोड़ से ज़्यादा कमाए, और दूसरे हफ्ते में इसने नॉर्मल गिरावट दिखाते हुए 16 .97 करोड़ कमाए. गौरतलब है कि सिफ़र् 28 करोड़ के बजट में बनी इस फ़िल्म ने अब तक अच्छा परफॉर्म किया है और इंडियन बॉक्स ऑफ़िस पर एक सक्सेस स्टोरी बनकर उभरी है. बता दें कि ये 2026 की सबसे ज़्यादा प्रॉफ़िट कमाने वाली बॉलीवुड फ़िल्म भी बन गई है. इसने सनी देओल की बॉर्डर 2 को पीछे छोड़ दिया है, और अब 50त्न रिटर्न देने की राह पर है. वहीं अब तीसरे फ्राइडे को भी इसने कमाल कर दिया है. दरअसल सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक 'द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे 1 .25 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'द केरल स्टोरी 2 के 15 दिनों की भारत में 41 .50 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं इसका टोटल ग्रॉस कलेक्शन 46 .97 करोड़ रुपये हो गया है.

'द केरल स्टोरी 2 के पास कमाई के लिए पांच दिन और बचे हैं. उसके बाद 19 मार्च से सिनेमाघरों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 कहर बरपाएही. ऐसे में 'द केरल स्टोरी 2 की कमाई में तीसरे वीकेंड पर तेजी आने की उम्मीद है और लग रहा है कि ये आराम से 50 करोड़ का नेट माइलस्टोन पार कर लेगी. इसके लिए इसे बस बस 9 करोड़ के करीब और कमाने की जरूरत है.

द केरल स्टोरी 2 कथित तौर पर 28 करोड़ के बजट में बनी थी. इस लागत के मुकाबले, इसने अब तक 41 .21 करोड़ नेट कमाए हैं, इस तरह 12 करोड़ का रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (क्रहृढ्ढ) मिला है. आगे कैलकुलेट करने पर, यह करीब 43त्न रिटर्न के बराबर है. इसी के साथ इसे इंडियन बॉक्स ऑफिस पर प्लस रेटिंग मिली है. वहीं 50त्न रिटर्न तक पहुंचने के लिए, फिल्म को कुल 42 करोड़ नेट कमाने होंगे, जो तीसरे शनिवार, 16वें दिन तक मिलने की उम्मीद है.

## भूत बंगला के टीजर ने सोशल मीडिया पर काटा गदर-24 घंटे में बना दिया ये रिकॉर्ड

बॉलीवुड की मचअवेटेड फिल्म भूत बंगला का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी को करीब 14 साल बाद पर्दे पर देखकर फैंस बहुत एक्साइटेड हो गए हैं. यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म दर्शकों को डर और हंसी दोनों का शानदार मिश्रण देने का वादा करती है. सोशल मीडिया पर टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म रिलीज से पहले ही लोगों के दिलों में जगह बना चुकी है. टीजर में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन का कॉमिक अंदाज बिलकुल पहले जैसा नजर आ रहा है. मजेदार पंचलाइन, सिग्नेचर कॉमिक वाले सीन्स और हल्की-फुल्की डरावनी झलक ने फैंस को पूरी तरह एंटरटेन किया है. यह टीजर यूट्यूब और बाकी प्लेटफॉर्म्स पर मिलाकर अब तक 55 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है और पिछले 24 घंटों से यूट्यूब इंडिया पर नंबर 2 पर ट्रेंड कर रहा है. परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी जैसी लीजेंड्री कॉमिक्स की वापसी ने फैंस की खुशी को और बढ़ा दिया है. सभी दर्शक और सेलेब्रिटी सोशल मीडिया पर इस टीजर की तारीफ कर रहे हैं और अक्षय-प्रियदर्शन की जोड़ी को देखकर पुरानी कॉमेडी फिल्मों की याद ताजा कर रहे हैं. बता दें, फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और इसे अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है. भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी लीड रोल में है. फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और यह 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. प्रियदर्शन और अक्षय की यह जोड़ी पिछले कई सालों से हिंदी कॉमेडी और हॉरर की दुनिया में यादगार काम कर चुकी है और अब भूत बंगला के साथ वो फिर से उस जादू को वापस ला रहे हैं ।

## आम को इन 5 तरीकों से खाएं स्वाद और सेहत दोनों का रखें ध्यान




गर्मियों में आम का स्वाद और सुगंध कुछ खास होती है। आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आम को खाने के कुछ अनोखे और मजेदार तरीके हैं, जो आपके स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखते हैं। आइए आम को खाने के कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।



**आम की चटनीः** आम की चटनी एक बेहतरीन विकल्प है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को कदूकस करें, फिर उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन, नमक और थोड़ा-सा गुड़ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें। यह चटनी रोटी, पराठे या चावल के साथ बहुत अच्छी लगती है। इससे आपका खाना और भी मजेदार हो जाएगा। इसके अलावा यह चटनी आपके पाचन को भी सुधार सकती है।

**आम का अचारः** आम का अचार एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है, जो हर घर में बनता है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर धूप में सुखाया जाता है, फिर उसमें सरसों का तेल, मेथी के दाने, सौंफ और हल्दी मिलाकर धूप में रखा जाता है। यह अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह अचार आपके पाचन को भी सुधार सकता है।

**आम का शेकः** आम का शेक एक ताजगी भरा पेय है, जो गर्मियों में बहुत पसंद किया जाता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसके गूदे को मिक्सर में डालें, फिर उसमें दूध, चीनी और बर्फ डालकर अच्छे से मिलाएं। आपका स्वादिष्ट आम का शेक तैयार है। यह पेय न केवल आपको ताजगी देगा बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करेगा। इसके अलावा यह पेय आपके शरीर को ठंडा रखने में मदद करेगा।

**आम की कुल्फीः** आम की कुल्फी एक शानदार मिठाई है, जो गर्मियों में बहुत लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दूध, चीनी और थोड़ी-सी इलायची पाउडर मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में डालकर फ्रीजर में जमने दें। कुछ घंटों बाद आपकी आम की कुल्फी तैयार होगी। यह मिठाई न केवल स्वादिष्ट है बल्कि आपके शरीर को ठंडक भी प्रदान करती है।

**आम का रायताः** आम का रायता खाने का स्वाद बढ़ाने वाला एक अनोखा व्यंजन है, जिसे किसी भी भोजन के साथ खाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को छिलकर उसका गूदा निकाल लें, फिर उसमें दही, भुना जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा चीनी मिला दें। आपका आम का रायता तैयार हो जाएगा। इन सभी तरीकों से आम को खाने पर न केवल उसका स्वाद बढ़ता है बल्कि ये आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं।

# 'His right to die with dignity': AIIMS initiates passive euthanasia protocol for Harish Rana

**NEW DELHI, Agency:** Thirty-two-year -old Harish Rana was shifted to AIIMS on Saturday and put under a specialised medical team for passive euthanasia. He is being kept at the palliative care unit at AIIMS' Institute Rotary Cancer Hospital.

On March 11, Supreme Court upheld Rana's right to die with dignity, allowing removal of clinically assisted nutrition and hydration. He has been in a vegetative state since 2013, after a fall from 4th floor of his PG accommodation left him with severe head injuries and 100% quadriplegic disability. He was a student at Panjab University.

Hospital sources said Rana will be under palliative care specialists and other doctors who will follow established medical and legal protocol for passive euthanasia.The process generally involves withholding or with-





drawing life-sustaining treatment of patients with irreversible medical conditions while ensuring adequate pain relief and supportive care.

When contacted, Dr Seema Mishra, professor and head of the department of onco-anaesthesia and palliative medicine, declined to comment. Sources said there are strict instructions to doctors not to speak to the media.

Sources said when recovery is no longer possible, treatment shifts to palliative care, which focuses on relieving symptoms and keeping the patient comfortable rather than prolonging life artificially. Care plans are tailored for each patient, addressing physical, psychological and social needs, with doctors regularly assessing their condition. Decisions are made in consultation with the family, and the duration of this phase can varyfrom days to weeks.

Dr Sushma Bhatnagar, former AIIMS chief and professor of onco-anaesthesia and palliative medicine, said once doctors determine that the condition is irreversible and recovery is not possible, the focus shifts to comfort care.

"In such situations, lifesupport measures such as oxygen, artificial nutrition or other medical support may be gradually withdrawn. The process is carried out slowly and carefully so that the patient does not experience distress or discomfort. The aim is not to prolong suffering but to ensure that the patient remains comfortable.

# From milestone to melancholy Delhi race club told to vacate



**NEW DELHI, Agency:** The Delhi Race Club quietly turned 100 on March 8. Yet, instead of celebrating the milestone, the club now finds itself confronting an uncertain future after receiving a notice from the Land and Development Office (L&DO), under the Union ministry of urban affairs, to vacate the sprawling 53.2-acre property on Lok Kalyan Marg within 15 days.The notice has come as a shock to hundreds of families whose livelihoods depend on the club - including members, horse owners, trainers, jockeys, suppliers and vendors. Uncertainty hangs heavy in the air, with the management unsure about where or how operations could be shifted. The club plans to approach the ministry again on Monday, hoping for a sympathetic"While the decision was verbally conveyed to us on March 6, despite our presenting the factual position, a formal vacation notice was served by the L&DO on March 13," said Col. S.K. Bakshi (Retd), secretary and CEO of the Delhi Race Club.

# Light rain keeps heat under check, more showers likely



**New Delhi, Agency:** The city saw widespread but light to very light rain on Sunday morning, while parts of NCR received intense showers, thus bringing the temperatures down.

Weather analysts said that while the mercury was set to rise marginally over the next few days, another western disturbance would lead to widespread rain by halfway through next week, thus keeping the heat under control. On Sunday, however, despite recording a drop, the daytime temperature remained above normal, as the early morning's overcast sky was replaced by sun and a partly cloudy sky.

On Sunday, the maximum temperature recorded at the base station was 30.1 degrees Celsius, a notch above normal, against 33.2 degrees Celsius a day earlier. The minimum temperature was 18.1 degrees Celsius, 4 notches below normal, compared to 18.1 degrees Celsius a day earlier.

"The western disturbance is exiting, though the remnant moisture may lead to drizzling on Monday at a few places in NCR. The temperatures will rise, however, not sharply. On March 19 and March 20, there is a possibility of widespread rain again," said Mahesh Palawat, Skymet.

On Sunday, as per IMD, between 5.30 am and 8.30 am, base station Safdarjung and Lodhi Road logged 0.8 mm rainfall, Palam 0.4 mm, Ayanagar 2.6 mm and Pitampura 3.5 mm, respectively. Later, between 8.30 am and 5.30 pm, Safdarjung recorded 0.4 mm rainfall, Palam saw a trace, Lodhi Road and Pusa recorded 0.5 mm and Ayanagar recorded 0.8 mm rainfall, respectively.

"The western disturbance as an upper air cyclonic circulation over north Punjab and neighbourhood between 1.5 and 3.1 km above mean sea level, with the trough aloft middle and upper-level westerlies at 5.8 km above mean sea level, persists. A fresh western disturbance is likely to affect northwest India from the night of March 17," stated IMD.

# Tears And Relief For Many As 70 Indian Students Return From Iran

**New Delhi, Agency:** Twenty-four-year-old Tahir says buying a return ticket has always been the norm before travelling home to Jammu & Kashmir's Kupwara, since he moved to Iran in 2022 to pursue an MBBS degree. This time, however, he has booked a one-way ticket to Delhi.

Tahir was among the first batch of nearly 70 Indian students, most of them from Kashmir, who landed at Delhi's IGI Airport on Sunday after travelling from Iran. At the start of the war, around 1,200 Kashmiri students, most of whom study medicine, were in the restive country.

Relief was writ large on many faces outside the international arrivals gate at Terminal 3 on Sunday. Naina, a 22-year-old final-year medical student from Anantnag, said the past month was full of anxiety as the students waited for communication from their universities and Indian government. "I could feel the tremors after bombs hit police stations near my hostel," she said. "The entire room was shaking."

The students said they paid for their own flights while the Centre facilitated their documentation and travel clearances.

Iran has declared a 40-day period of mourning following the death of its supreme leader, Ayatollah Ali Khamenei. Universities have suspended classes for now. The Indian students have been told they are expected to return for examinations once academic activities resume.

"We were in the middle of our clinical trials," said Sohail Amin, 23, another medical student. "But the moment the



conflict began, everything stopped. In a situation like this, schools and hospitals are usually the first places to shut down because they often become targets."

The students said while they had received a general advisory regarding the exams, there was little clarity about what the immediate plan would be for them, particularly how their degrees would be impacted.

Some of their classmates who could not afford flights home have been moved to the city of Qom, where the situation is relatively calmer than in Tehran. Tahir said that while he usually spends around Rs 25,000 on a round-trip ticket, this emergency journey cost him nearly Rs 55,000 for a one-way flight.

For Mohammad Asim, Tahir's cousin in Delhi who came to receive him at the airport, the past few weeks had been deeply unsettling. "Everything was so uncertain. Our loved ones were stuck there and all we could do was wait for updates," he said.

With internet services frequently disrupted in Iran, many students said staying in touch with their families had been difficult. One final-year student described the emotional dilemma they faced. "We didn't know how much to tell our families. We wanted to be honest, but we didn't want to them to be worried." Adviyah, a 25-year-old student from Budgam, said they had spent nearly three weeks dealing with uncertainty while trying to reassure their families.

# Over 40 Shops Gutted As MassiveFire Rips Through Nature Bazaar

**New Delhi, Agency:** A major fire broke out at Nature Bazaar, a handicrafts market at Andheria Mor in south Delhi's Chhatarpur, early on Sunday morning, gutting around 40 to 50 shops. No one was injured.

A large number of exhibits like carpets and home decorative items were destroyed. An initial estimate by Dastkar, an NGO that runs the bazaar, pegged losses between Rs 10 crore and Rs 20 crore.The exact amount is being assessed, said DCP (south) Anant Mittal.

The blaze was massive, leading to the deployment of 10 fire tenders and around 60 firefighters. Locals also pitched in. "No one was trapped, but the fire spread rapidly," police said, adding that they had been alerted about it at 7.33 am. It took nearly one and a half hours to bring the fire under control. Its probable cause, according to three night



guards who were at the market at the time, was short circuit.An office-bearer of the NGO, said that out of 130 stalls, 42 were gutted. "Most of them were full of textile products, such as garments and carpets, while others had furniture and a variety of handicraft items," he said.The stalls included one showcasing Afghan products, run by Afghan nationals, and others representing multiple states across India, such as Bihar and Jammu & Kashmir. Several owners had substantial stocks, including pashmina shawls, carpets and ethnic Afghan garments, all of which are expensive, he said, adding that the market, which has been operational since 2012, suffered damage as well.

# Holi murder: Victim's family and Uttam Nagar residents protest, demand strict punishment

**New Delhi, Agency:** Family members of Tarun Butolia, the youth who was lynched during Holi, staged a protest at Ayyappa Park in south-west Delhi's Uttam Nagar along with several other people, demanding strict punishment for the accused.

A large number of residents, representatives of social organisations and youth attended the gathering, where they prayed for the peace of Tarun's soul and expressed their condolences.

Tarun's uncle, Tek Chand Butolia, said people from all walks shared their views on the incident. However, everyone was united on one point: the accused must receive the strictest possible punishment.

Surender Gupta, Delhi prant mantri of Vishwa Hindu Parishad (VHP), said that whenever injustice is done to any member of society, it



becomes important for the community to stand united. He said the organisation would continue its effort to ensure justice is done and would persist until the accused are punished.

Representatives of various social organisations and community members present at the meeting also stressed that unity is society's greatest strength, adding that when people stand together against injustice, the path to justice becomes clearer.

# Delhi University counters Rahul Gandhi's caste bias allegations

**New Delhi, Agency:** Delhi University (DU) on Sunday released detailed admission and recruitment figures to counter allegations made by Rahul Gandhi regarding cast-based discrimination in the university's admission process.

Responding to the remarks made by the Leader of Opposition in the Lok Sabha, the university said its admission and recruitment procedures strictly follow constitutional provisions and statutory reservation policies.In a post on X, the university stated that its processes are transparent and urged Rahul Gandhi to refrain from making "unsubstantiated" statements that could negatively impact the academic environment.

According to the data shared by the university, a total of 10,422 postgraduate students were admitted during the 2025-26 academic session through the Common University Entrance Test (CUET). Of these, 4,022 students (38.59%) belonged to the unreserved (UR) category. Students from the Other Backward Classes (OBC) category accounted for 3,115 admissions (29.88%), while 1,488 students (14.27%) were from the Scheduled Caste (SC) category. The university also admitted 614 students (5.89%) from the Scheduled Tribe (ST) category and 1,203 students (11.54%) under the Economically Weaker Section (EWS) category.

For undergraduate pro-



grammes, the university reported a total enrollment of 70,395 students in the 2025-26 academic session. Among them, 32,777 students (46.56%) were admitted under the UR category, while 17,971 students (25.52%) belonged to the OBC category. Admissions under the SC category stood at 10,517 students (14.93%), while 3,251 students (4.62%) were from the ST category. Additionally, 5,879 students (8.35%) were admitted under the EWS category.The university reiterated that admissions are primarily based on CUET scores and that interviews are not a mandatory component for most undergraduate and postgraduate programmes.

Rahul Gandhi had made the controversial remarks on Friday while addressing an event in Lucknow to mark the birth anniversary of Kanshi Ram, founder of the Bahujan Samaj Party. During the event, he alleged that interviews in universities can sometimes be used to filter out students based on caste.Following the remarks, the university had issued a clarification on Saturday stating that the CUET-based admission system forms the primary basis for student selection and that interviews are not part of the process for most courses.

Along with admission data, the university also shared figures related to faculty recruitment between 2021 and March 15, 2025, including appointments of teachers, librarians and physical education staff.

According to the data, 2,123 appointments (41.99%) were made under the UR category, 717 (14.18%) under the SC category and 349 (6.90%) under the ST category. The OBC category accounted for 1,282 appointments (25.35%), while 422 appointments (8.35%) were made under the EWS category. Additionally, 163 appointments (3.22%) were made under the Persons with Disabilities (PwD) category.